

# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 15 जून 2026 ■ ज्येष्ठ अधिकमास कृष्ण पक्ष-15 ■ वर्ष -42 ■ अंक-078 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 16 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## जनसेवा ही प्रशासनिक सेवा का सर्वोच्च उद्देश्य : मुख्यमंत्री साय

### बस्तर से सरगुजा तक के अनुभव साझा कर प्रशिक्षु अधिकारियों ने बताया छत्तीसगढ़ को अद्भुत प्रदेश

**रायपुर 15 जून.**मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से आज राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, निमोरा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे भारतीय प्रशासनिक सेवा के तीन प्रशिक्षु अधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

मुख्यमंत्री श्री साय ने प्रशिक्षु अधिकारियों को उनकी सफलता के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कि प्रशासनिक सेवा जनसेवा का सबसे प्रभावी माध्यम है और प्रशासनिक अधिकारी के रूप में आपकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि एक प्रशासनिक अधिकारी के निर्णय हजारों लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं, इसलिए प्रत्येक निर्णय में जनहित सर्वोपरि होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वे संवेदनशीलता, निष्पक्षता और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा लोगों के बीच जाकर उनकी समस्याओं को समझें।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि शिक्षा और प्रशिक्षण के दौरान अर्जित ज्ञान का वास्तविक महत्व तभी है, जब उसका उपयोग समाज और आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए किया जाए। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ संभावनाओं से परिपूर्ण प्रदेश है। यहां के लोग सरल, सहज, मेहनती और आत्मीय स्वभाव के हैं। उन्होंने अधिकारियों को प्रदेश की सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियों, तेजी से विकसित हो रही कनेक्टिविटी, पर्यटन की संभावनाओं, नक्सल उन्मूलन की सफलता तथा राज्य के विकास की यात्रा से अवगत कराया। उन्होंने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता, जनजातीय परंपराओं और विकास के नए अवसरों पर भी अपने अनुभव साझा किए।

मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षु अधिकारियों को कहा कि ईमानदारी, निष्ठा और जनहित की भावना से लिया गया प्रत्येक निर्णय प्रदेश और समाज के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

प्रशिक्षु अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्रशिक्षण के दौरान उन्हें बस्तर संभाग के सुकमा और बीजापुर जिलों सहित सरगुजा संभाग के जशपुर, सरगुजा और कोरिया जिलों का भ्रमण करने का अवसर मिला। इस दौरान उन्होंने स्थानीय जनजीवन, संस्कृति, विकास गतिविधियों और प्रशासनिक व्यवस्थाओं का अध्ययन किया तथा मां दंतेश्वरी के दर्शन भी किए। अधिकारियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विविधताओं, सांस्कृतिक समृद्धि और आत्मीयता से भरपूर प्रदेश है। यहां के लोगों के स्नेह, जनजातीय परंपराओं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की संभावनाओं ने उन्हें गहराई से प्रभावित किया है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा के माध्यम से जनहित में कार्य करना उनके लिए गौरव और जिम्मेदारी दोनों है।




मुलाकात के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने प्रशासनिक सेवा की तैयारी से जुड़े अनुभव, चुनौतियां और प्रेरणादायक प्रसंग भी साझा किए। मुख्यमंत्री ने अपने सार्वजनिक जीवन और जनसेवा के अनुभवों का उल्लेख करते हुए उन्हें निरंतर सीखते रहने, जमीनी स्तर से जुड़े रहने तथा मानवीय दृष्टिकोण अपनाकर कार्य करने की प्रेरणा दी। उल्लेखनीय है कि भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारी श्री गोकुल आर. के., श्री वी. यशवंत नायक एवं श्री ईशांत जायसवाल वर्तमान में छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी, निमोरा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। तीनों अधिकारियों को छत्तीसगढ़ कैडर आवंटित हुआ है। जिला प्रशिक्षण पर रवाना होने से पूर्व उन्होंने मुख्यमंत्री से भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ प्रशासन अकादमी के महानिदेशक एवं अपर मुख्य सचिव श्री सुब्रत साहू, संचालक श्री टी.सी. महावर तथा संयुक्त संचालक श्री प्रणव सिंह उपस्थित थे।

## राम मंदिर चढ़ावा घोटाला पहुंचा सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली,15 मई।** अयोध्या में स्थित राम मंदिर के चढ़ावे और दान राशि को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि मंदिर में आने वाली करोड़ों की दान



राशि के प्रबंधन में अनियमितताएं हुई हैं। अब यह मामला सीधे सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया है। मुख्य न्यायाधीश (CJI) को पत्र लिखकर पूरे मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। मामले को लेकर पिछले एक हफ्ते से देशभर में राजनीतिक बयानबाजी तेज है। कुछ लोग इसे गंभीर वित्तीय गड़बड़ी बता रहे हैं, जबकि मंदिर ट्रस्ट लगातार आरोपों को खारिज कर रहा है। उत्तर प्रदेश उत्तर प्रदेश सरकार ने पहले ही तीन सदस्यीय SIT जांच टीम गठित कर दी है, जो पूरे दान और फंड के लेन-देन की जांच कर रही है। ट्रस्ट पदाधिकारियों का कहना है कि सभी चढ़ावे का नियमित ऑडिट होता है और किसी तरह की गड़बड़ी नहीं है, लेकिन अब मामला कोर्ट और जांच एजेंसियों के बीच और गहराता जा रहा है।

## डेपुटेशन मामले में 45 दिन में फैसला देने के निर्देश - हाईकोर्ट

**बिलासपुर,15 जून।** बिलासपुर में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में प्रतिनियुक्ति (डेपुटेशन) से जुड़े मामले को लेकर सुनवाई की। मामला यह था कि याचिकाकर्ता शंकर प्रसाद प्रजापति ने गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले के कोटमीकला स्थित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास में छात्रावास अधीक्षक पद पर प्रतिनियुक्ति की मांग की थी, जिसे लेकर उन्होंने पहले आदेश को चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान उन्होंने कोर्ट से याचिका वापस लेने और विभाग के समक्ष अपनी बात रखने की अनुमति मांगी। कोर्ट ने उनकी बात स्वीकार करते हुए उन्हें विभागीय अधिकारियों के सामने विस्तृत अभ्यावेदन देने की छूट दे दी है। साथ ही साफ निर्देश दिया कि अधिकारी 45 दिनों के भीतर नियमों के अनुसार इस पर फैसला लें। अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में कोई मेरिट (गुण-दोष) पर टिप्पणी नहीं की गई है और फैसला पूरी तरह नियमों के आधार पर होगा।

## ट्रेलर की टक्कर के बाद फटी पेट्रोल टंकी

**दुर्ग,15 जून।** जिले के मोहन नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच - 53 दुर्ग-राजनांदगांव बाईपास पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। ट्रेलर की चपेट में आने से बाइक



सवार युवक की मौके पर ही जान चली गई। जानकारी के अनुसार ट्रेलर की टक्कर के बाद बाइक की पेट्रोल टंकी फट गई, जिससे मोटरसाइकिल में आग लग गई और वह पूरी तरह जलकर खाक हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रेलर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस और NHAI की टीम मौके पर पहुंची तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए मॉर्चरी भेज दिया।

## अमेरिका-ईरान के बीच समझौता, कच्चे तेल की कीमतों में आई भारी गिरावट

वाशिंगटन,15 जून। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते की घोषणा के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 4 से 5 फीसदी तक गिर गईं। होर्मुज जलडमरूमध्य फिर खुलेगा। भारत में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी सस्ते होने की उम्मीद जगी है। सोमवार की सुबह वैश्विक तेल बाजार के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एलान किया कि अमेरिका और ईरान के बीच समझौता पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बिना किसी टोल के फिर से खोला जाएगा और अमेरिकी नौसेना की नाकेबंदी तत्काल हटाई जाएगी। इस घोषणा के बाद दुनिया के तेल बाजारों में हलचल मच गई। ब्रेंट क्रूड ( यानी अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की मानक कीमत) में 3.9 फीसदी की गिरावट आई और यह 84 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया है। अमेरिकी क्रूड ऑयल करीब 4.8 फीसदी टूटकर लगभग 81 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया है। बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि तेल सप्लाई की अनिश्चितता कम होने से यह राहत मिली है। होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे जरूरी तेल व्यापार मार्गों में से एक है। वैश्विक तेल शिपमेंट का बड़ा हिस्सा इसी रास्ते से गुजरता है। फरवरी के आखिर में शुरू हुए अमेरिका-ईरान संघर्ष के बाद यह मार्ग बुरी तरह प्रभावित हो गया था। ईरान के एक सांसद के मुताबिक, इस दौरान कमर्शियल जहाजों को इस रास्ते से गुजरने के लिए औसतन करीब 20 लाख डॉलर तक चुकाने पड़ रहे थे। विशेषज्ञों ने पहले ही आगाह किया था कि अगर यह संकट और लंबा खिंचता, तो कच्चे तेल के दाम 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जा सकते थे। यह समझौता



पाकिस्तान समेत कई देशों की मध्यस्थता से संभव हो पाया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने बताया कि वॉशिंगटन और तेहरान के बीच गहन बातचीत के बाद सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष लेबनान समेत सभी मोर्चों पर सैन्य कार्रवाई रोकने पर राजी हुए हैं इस समझौते पर औपचारिक हस्ताक्षर 19 जून को स्विट्जरलैंड में होंगे। ट्रंप का यह एलान उनके 80वें जन्मदिन पर व्हाइट हाउस में आयोजित UFC कार्यक्रम से कुछ घंटे पहले आया है। ट्रंप ने अपने बयान में पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा के कार्यकाल में हुए परमाणु समझौते से नई डील की तीखी तुलना की। उनका कहना है कि नई बातचीत से बना यह समझौता पहले वाले से बिल्कुल अलग है। यह सुनिश्चित करेगा कि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने से पूरी तरह प्रतिबंधित रहे। 60 दिन की बातचीत के दौरान फ्रीज किए गए 24 अरब डॉलर जारी किए जाएंगे। इसमें 12 अरब डॉलर बातचीत शुरू होने से पहले ही मिल जाएंगे। अमेरिका और उसके सहयोगी ईरान के पुनर्निर्माण के लिए करीब 300 अरब डॉलर की योजनाएं पेश करेंगे। लेबनान समेत सभी मोर्चों पर चल रहा युद्ध तुरंत और हमेशा के लिए खत्म होगा। अमेरिका ईरान के अंदरूनी मामलों में दखल न देने और उसकी संप्रभुता का सम्मान करने का वादा करेगा। अमेरिका की तरफ से लगाई गई नौसैनिक नाकेबंदी 30 दिनों के भीतर पूरी तरह हटाई जाएगी। अमेरिकी सेनाएं ईरान के आसपास के इलाकों से वापस हटा ली जाएंगी। होर्मुज स्ट्रेट को ईरान की व्यवस्था के तहत 30 दिनों में दोबारा खोल दिया जाएगा। परमाणु मुद्दों और पाबंदियों को पूरी तरह हटाने के लिए अंतिम समझौते तक पहुंचने की 60 दिन की बातचीत शुरू होगी। ईरान अपने NPT (परमाणु अप्रसार संधि) के तहत परमाणु हथियार न बनाने के वादे को दोहराएगा।अमेरिका बातचीत के दौरान इस क्षेत्र में सेना न बढ़ाने और नई पाबंदियां न लगाने पर सहमत होगा।

## झारखंड के जंगलों में ऑपरेशन जारी: 75 दिनों में 46 बंदूकें और 16 बम बरामद

**रांची,15 मई।** झारखंड के कोकर में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। 75 दिनों से चल रहे सर्च ऑपरेशन में अब तक 46 बंदूकें और 16 टिफिन-कुकर बम बरामद किए गए हैं। झारखंड के कोकर जिले में नक्सलवाद खत्म होने के बाद भी सुरक्षा बलों का सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है। अप्रैल महीने से शुरू हुए इस विशेष अभियान के तहत पुलिस और बीएसएफ की संयुक्त टीम जंगलों में नक्सली डंप की तलाश कर रही है। अभियान का उद्देश्य इलाके को पूरी तरह सुरक्षित बनाना और छिपाए गए हथियारों को बरामद करना है। पुलिस के अनुसार, अब तक चलाए गए 75 दिनों के अभियान में कुल 46 बंदूकें, 16 टिफिन-कुकर बम बरामद किए जा चुके हैं। इसके अलावा अन्य विस्फोटक और हथियार भी अलग-अलग स्थानों से मिले हैं। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि नक्सलियों ने इन्हें पहले से जंगलों में डंप कर रखा था। 14 जून को छोटेबेठिया थाना क्षेत्र के टेकमीटोला गांव के जंगल में सर्च ऑपरेशन के दौरान एक कुकर बम बरामद किया गया। पुलिस-बीएसएफ की संयुक्त टीम गश्त पर थी, तभी पहाड़ी इलाके में संदिग्ध झोला दिखाई दिया। जांच करने पर नीली पॉलिथीन में रखा गया लगभग 5 किलो का शक्तिशाली कुकर बम मिला। बम निरोधक दस्ता ने मौके पर ही उसे सुरक्षित तरीके से डिफ्यूज कर दिया। अधिकारियों के अनुसार धमाके की क्षमता काफी अधिक थी।

## ममता बनर्जी ने कई नेताओं पर कार्रवाई की यूथ विंग अध्यक्ष सायोनी घोष हटाई गईं

**कोलकाता,15 जून।** ममता बनर्जी की टीएमसी के ज्यादातर विधायकों और सांसदों ने बगावत कर ली है और नया गुट बना लिया है। टीएमसी बनने के बाद से ममता बनर्जी के ऊपर आया यह सबसे बड़ा संकट है। विधानसभा में करीब 64 विधायक अलग हो गए, जबकि लोकसभा में 20 सांसदों ने नया गुट बनाकर एनडीए को समर्थन देने का फैसला किया है। जिन सांसदों ने बगावत की है, उसमें एक समय सबसे ममता और उनके भतीजे अभिषेक बनर्जी की करीबी नेता मानी जाने वाली सायोनी घोष भी शामिल हैं। अब ममता बनर्जी ने सायोनी को बड़ा झटका दिया है। उन्हें तृणमूल यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष के पद से हटा दिया गया है। सायोनी घोष वही नेता हैं, जिन्होंने चुनाव प्रचार के दौरान काबा-मदीना वाला गीत गाकर सुर्खियां बंटोरी थीं। टीएमसी की शनिवार को वर्किंग कमेटी की बैठक हुई। इसमें जिन नेताओं ने विरोधी गुट का दामन थाम लिया था, उन्हें उनके पदों से हटा दिया गया। सायोनी के अलावा, सुदीप बंद्दोपाध्याय को कोलकाता उत्तर के पार्टी प्रमुख पद से हटा दिया गया। उनकी जगह कुणाल घोष को यह जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा, माला रॉय को भी वर्किंग कमेटी से हटा दिया गया है। ममता बनर्जी के घर पर हुई बैठक के बाद, पार्टी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा, "यह वर्किंग कमेटी की बैठक थी। सुखेंदु शेखर रॉय और सुष्मिता देव ने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया है, इसलिए दो पद खाली हो गए। सुदीप बंद्योपाध्याय, माला रॉय और एक और व्यक्ति, जो दूसरी तरफ चले गए हैं और अलग गुट बना रहे हैं, उन्हें वर्किंग कमेटी से हटा दिया गया है। सौगत रॉय और ज्योतिप्रिय मल्लिक को वर्किंग कमेटी में शामिल किया गया है। सुदीप बंद्योपाध्याय की जगह कुणाल घोष को कोलकाता उत्तर का अध्यक्ष बनाया गया है। सायोनी घोष को तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटा दिया गया है। 4000 EVM का जलना एक गंभीर मामला है, हम इसे आगे उठाएंगे।"

**ममता के एक और सांसद हुए बागी-** तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के सांसद और ममता के करीबी नेताओं में गिने जाने वाले सुदीप बंद्योपाध्याय भी बागी हो गए।

## हिज्बुल्लाह का सीनियर कमांडर अली मूसा दकदुद ढेर

**नई दिल्ली,15 जून।** दक्षिणी लेबनान में लितानी नदी के दक्षिण में स्थित एक क्षेत्र में सटीक हवाई हमला करके हिज्बुल्लाह के सीनियर सैन्य कमांडर अली मूसा दकदुद को मार गिराने का दावा किया गया है. यह दावा इजरायली रक्षा बलों के द्वारा किया जा रहा है. आईडीएफ ने पुष्टि की है कि लेबनान में हाल ही में किए गए हमले में हिज्बुल्लाह के इस शीर्ष कमांडर को निशाना बनाया गया. मिडिल ईस्ट युद्ध बीच इजरायली डिफेंस फोर्सेज ने दावा किया कि उसने अपने एक सैन्य कार्रवाई में हिज़्बुल्लाह के सीनियर कमांडर अली मूसा दकदूक को मार गिराया है. हिज्बुल्लाह के वरिष्ठ कमांडर अली मूसा डकडौक दक्षिणी लेबनान में हिज़्बुल्लाह की सैन्य गतिविधियों का नेतृत्व कर रहा था.

## ब्रेक फेल होने से पलटा ऑक्सीजन टैंकर

**कोंडागांव,15 जून।** राष्ट्रीय राजमार्ग-30 स्थित केशकाल घाट में सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब जगदलपुर से ओडिशा के झारसुगुड़ा ऑक्सीजन लेकर जा रहा एक टैंकर ब्रेक फेल होने के कारण अनियंत्रित होकर पलट गया। दुर्घटना के बाद टैंकर से ऑक्सीजन का रिसाव होने लगा, जिससे कुछ देर के लिए क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की सूचना मिलते ही केशकाल पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और सुरक्षा व्यवस्था संभालते हुए यातायात को नियंत्रित किया। हादसे में चालक उदय ठाकुर को मामूली चोटें आई हैं, जिन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया। चालक उदय ठाकुर ने बताया कि घाट में उतरते समय अचानक वाहन के ब्रेक फेल हो गए, जिससे टैंकर पर नियंत्रण रखना मुश्किल हो गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्होंने सूझबूझ का परिचय देते हुए समय रहते टैंक का सेफ्टी वाल्व खोल दिया, जिससे



ऑक्सीजन नियंत्रित रूप से बाहर निकलती रही। चालक के अनुसार, यदि टैंक पूरी तरह बंद रहता तो दबाव बढ़ने से बड़ा विस्फोट हो सकता था, जिससे जनहानि और भारी नुकसान की आशंका थी। पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने मौके का निरीक्षण कर सुरक्षा के मद्देनजर आवश्यक कदम उठाए। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का कारण ब्रेक फेल होना बताया जा रहा है। घटना के बाद कुछ समय तक मार्ग पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य कर दिया गया। चालक की तत्परता और समझदारी से एक संभावित बड़े हादसे को टाल दिया गया, जिसकी स्थानीय लोगों और प्रशासन ने सराहना की है।

## फ्रूटी में मिला फंगस, पीने से बिगड़ी बच्ची की तबीयत

**धमतरी,15 जून।** छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक मासूम बच्ची के फ्रूटी के अंदर फंगस जैसी चीज मिली। इसके बाद बच्ची को एहतियात के तौर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां उसका इलाज जारी है। इधर खाद्य विभाग की टीम ने जनरल स्टोर से फ्रूटी की जांच के लिए सैम्पल लिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, मगरलोड के करेलीबड़ी में रहने वाली एक बच्ची ने पास ही के एक जनरल स्टोर से फ्रूटी खरीदी थी। जब वह घर जाकर उसे पी रही थी, तभी अचानक परिजनों की नजर जूस के डिब्बे के अंदर गई। डिब्बे के भीतर कोई अनजान वस्तु या कीड़े जैसी चीज तैरती हुई नजर आई। इसे देखते ही परिजनों के होश उड़ गए। एहतियात के तौर पर परिजन तुरंत बच्ची को लेकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां डॉक्टरों की देखरेख में उसका इलाज जारी है। इस पूरी घटना की भनक लगते ही खाद्य विभाग की टीम तुरंत एक्शन मोड में आ गई। अधिकारियों ने तत्काल उक्त जनरल स्टोर पर छापेमारी की और संबंधित फ्रूटी के बैच के सैंपल जब्त किए। विभाग अब इस बात की कड़ाई से जांच कर रहा है कि यह माल किस होलसेल दुकान या डीलर के माध्यम से इस रिटेल दुकान तक पहुंचा था।




## इनोवेशन भारत के डीएनए में है: नीस में पीएम मोदी ने स्टार्टअप और युवा शक्ति पर दिया जोर

**नई दिल्ली,15 जून।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ भारत इनोवेट्स के लॉन्च कार्यक्रम को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित किया। रविवार को नीस में उन्होंने कहा कि इनोवेशन भारत के डीएनए में है। पीएम मोदी ने



कहा, 'दुनिया में अलग-अलग देश एक दूसरे के साथ व्यापार करते हैं। अलग-अलग देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी भी होती है लेकिन कुछ रिश्ते ऐसे होते हैं जो साझा रुचि के साथ-साथ साझा विजन से भी ड्राइव होते हैं। भारत और फ्रांस का रिश्ता कुछ ऐसा ही है। इस रिश्ते भी जुड़ाव, दृढ़ विश्वास, नवाचार, प्रेरणा, साझा मूल्य, साझा विजन भी है। इसी रिश्ते की नींव पर बीते वर्षों में हमने साथ मिलकर नई पहल शुरू की है और वैश्विक चुनौतियों के समाधान खोजने का प्रयास किया है। हम दोनों देश हमेशा एक साथ चले हैं। आज हमें खुशी है कि हम भारत इनोवेट्स की शुरुआत भी फ्रांस के साथ कर रहे हैं। मैं अपने मित्र इमैनुएल मैक्रों का यहां आने के लिए धन्यवाद करता हूं।' पीएम मोदी ने कहा, 'इमैनुएल मैक्रों ने अभी भारत यात्रा के दौरान उन्होंने कहा था कि इस सदी की चुनौतियों के समाधान के लिए भारत और फ्रांस को एक साथ आगे आना होगा। आज मैं गर्व से कह सकता हूं कि ये पहल उसी दशा में एक कदम है। भारत इनोवेट्स हमारे टैलेंट और यूरोपियन कैपिटल के बीच एक ब्रिज बन रहा है। एक ऐसा प्लेटफॉर्म जहां भारत के यंग माइट्स को यूपरोपियन एक्सपर्ट से जुड़ने का अवसर मिल रहा है।' उन्होंने कहा कि आज 21वीं सदी का भारत बदलाव के एक बहुत बड़े दौर से गुजर रहा है। आज भारत में एक स्टार्टअप रिवॉल्यूशन हो रहा है। इस रिवॉल्यूशन में भारत का नौजवान एक नए मानसिकता के साथ मानवता के हित में समस्याओं के समाधान ढूंढ रहा है।

## अमेरिका-ईरान के बीच शांति समझौते का पीएम मोदी ने किया स्वागत

**नई दिल्ली,15 जून।** महीनों से जारी जंग के बाद आखिरकार अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौता हो गया. इस समझौते के बाद तेल के संकट से झूझ रही दुनिया ने राहत की सांस ली है. हालांकि, ये समझौता कितने दिन टिकता है ये देखने वाली बात होगी. लेकिन इस बीच पीएम नरेंद्र मोदी का इस समझौते को लेकर बड़ा रिएक्शन सामने आया है. पीएम मोदी ने इस समझौते का स्वागत किया हैं. उन्होंने कहा कि इस समझौते के साथ उम्मीद है कि इलाके में शांति और स्थिरता आएगी. साथ ही आवाजाही, व्यापार की स्वतंत्रता फिर से बहाल होगी. पीएम मोदी ने कहा कि इस संघर्ष की वजह से दुनिया भर में गंभीर आर्थिक अड़चनें खड़ी हुईं और कई देशों को जानमाल का नुकसान हुआ. उन्होंने बातचीत से स्थायी समझौते की उम्मीद जताई है. पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'मैं पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष को खत्म करने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच हुए समझौते का स्वागत करता हूं. इस तनाव ने विश्व भर में गंभीर आर्थिक व्यवधान खड़ा किया है और कई देशों में जानमाल का नुकसान हुआ है.'उन्होंने आगे कहा कि 'भारत को उम्मीद है कि इस समझौते के कार्यान्वयन से क्षेत्र में शांति और स्थिरता बहाल करने और नौवहन एवं व्यापार की स्वतंत्रता तय करने में मदद मिलेगी. हम बाकी मुद्दों पर विचार-विमर्श के माध्यम से एक स्थायी अंतिम समझौते तक पहुंचने की उम्मीद करते हैं.' इधर भारत में पीएम मोदी के अलावा मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने भी इस पीस डील का स्वागत किया है.

# प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर समर्पित भाव से कर रहे राष्ट्रसेवा : विजय

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 15 जून।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब द्वारा सुपेला में महारक्तदान शिविर एवं प्रदेश स्तरीय रक्तमित्रों तथा सामाजिक संस्थाओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुकेश चंद्राकर, यशवंत साहू, खेद राम साहू, रामकुमार साहू, कबीर साहु हीरा शंकर प्रेम किशन साहु एवं अन्य गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। रक्तदान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रक्तमित्रों एवं सामाजिक संस्थाओं का सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में सांसद विजय बघेल ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां चारों ओर व्यस्तता और चुनौतियां हैं, वहीं मानव सेवा के लिए समर्पित लोग समाज के लिए प्रेरणा का कार्य कर रहे हैं। जिनके मन में सेवा का भाव होता है, वे निरंतर ऐसे पुण्य कार्यों में लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि देश की नई पीढ़ी भारत की बागडोर संभाल रही है और सेवा की यह भावना समाज को नई दिशा दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि उनका संदेश सेवा ही परम धर्म है समाज को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पिछले 12 वर्षों से निरंतर राष्ट्रसेवा में समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। सांसद ने रेड ड्रॉप फ्रेंड्स क्लब के संस्थापक सूरज साहू एवं उनकी टीम की सराहना करते हुए कहा कि वे स्वयं रक्तदान अभियान से जुड़े हैं और अनेक लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनके प्रयासों से बड़ी संख्या में लोग इस जनसेवा अभियान से जुड़ रहे हैं। उन्होंने

# वैशालीनगर में 5 दिन का मेगा योग कैंप स्वयंसेवक और कार्यकर्ता जुटे तैयारियों में



भिलाई, 15 जून। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर वैशाली नगर के लोकांगन मैदान में 17 से 21 जून तक पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप रोज सुबह 5:30 बजे से 7:30 बजे तक चलेगा। प्रमुख संयोजक अनूप बंसल, नरेंद्र पटेल, शंभू कुशवाहा, राजेंद्र पाटिल और तीज राम साहू ने बताया कि यह विशेष शिविर योग समिति और भारत स्वाभिमान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। कैंप में राष्ट्रीय स्तर के प्रमाणित योग गुरु प्रतिभागियों को प्राणायाम, योगिक जॉगिंग, आसन और ध्यान का वैज्ञानिक अभ्यास कराएंगे। साथ ही हाई ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, तनाव और मोटापे जैसी लाइफस्टाइल बीमारियों से बचाव और प्रबंधन के लिए विशेष मार्गदर्शन भी दिया जाएगा। हेल्थ कैंप में महिला, पुरुष, युवा और वरिष्ठ नागरिक सभी के लिए प्रवेश पूरी तरह निःशुल्क रखा गया है। आयोजन को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में स्वयंसेवक और कार्यकर्ता तैयारियों में जुटे हुए हैं।

## एक नजर

### लाखों की धोखाधड़ी का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 15 जून (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाने पुलिस ने विभिन्न फाइनेंस कंपनियों और एक व्यक्ति के साथ लाखों रुपए की धोखाधड़ी करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार किया है आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दूसरों के नाम पर आईफोन, एसी, एलईडी टीवी जैसे महंगे इलेक्ट्रॉनिक सामान फाइनेंस करा लिया शुरुआती कुछ किस्तें चुकाने के बाद भुगतान बंद कर दिया रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि प्रार्थी ने पिछले साल 3 फरवरी को थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका परिचित शेखर देशमुख (26 साल ), निवासी केलाबाड़ी अपने साथी अनुराग देशमुख के साथ अंश मोबाइल, आकाशगंगा सुपेला पहुंचा था वहां प्रार्थी के नाम पर बजाज फाइनेंस से एप्पल कंपनी का आईफोन फाइनेंस कराया और मोबाइल अपने साथ ले गया इस के बाद आरोपी और उसके अन्य साथियों ने प्रार्थी के नाम का उपयोग कर विभिन्न फाइनेंस कंपनियों से मोबाइल, एसी, एलईडी टीवी एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान खरीदे शुरुआत में आरोपियों ने कुछ किस्तों की राशि प्रार्थी के बैंक खाते में जमा कराई बाद में आरोपियों ने किस्त जमा करना बंद कर दिया। इसकी वजह से फाइनेंस कंपनियां कुल 1 लाख 73 हजार 513 रुपए की बकाया राशि का तकादा प्रार्थी से करन लगीं। साथ ही प्रार्थी के खाते से 16 हजार रुपये भी कट गए। प्रकरण में पुलिस ने धारा 318 (4) एवं 61 (2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई जांच के दौरान शेखर देशमुख की संलिप्तता प्रमाणित होने पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### साइबर ठगी में शामिल 3 लोग गिरफ्तार

**भिलाई, 15 जून (तछसं.)।** भिलाई नेवई थाने पुलिस ने साइबर ठगी के म्यूल अकाउंट नेटवर्क में शामिल तीन युवकों को गिरफ्तार किया है आरोपी पवन दास मानिकपुरी, करण रंगारी और नरेन्द्र कुमार साहू ने आर्थिक लाभ के लालच में अपने बैंक खाते, एटीएम कार्ड, पासबुक और मोबाइल सिम साइबर ठगों को सौंप रखे थे नेवई थाने पुलिस ने तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है नेवई टीआई अनिल साहू ने बताया कि गृह मंत्रालय के समन्वय पोर्टल और पुलिस मुख्यालय से मिली सूचना के आधार पर नेवई क्षेत्र में संचालित केनरा बैंक के खातों की जांच की गई। जांच में सामने आया कि वर्ष 2024 से 2026 के बीच साइबर ठगी से प्राप्त रकम इन खातों में जमा हुई और बाद में अन्य खातों में अंतरित या नकद निकासी कर अवैध रूप से खपाई गई पुलिस ने 99 संदिग्ध खाताधारकों के खिलाफ अपराध दर्ज कर विस्तृत जांच शुरू की। बैंक से प्राप्त केवाईसी दस्तावेज, लेनदेन विवरण और खाता विवरण के परीक्षण में लाखों रुपए के संदिग्ध लेन-देन सामने आए इस के बाद पवन दास मानिकपुरी, करण रंगारी और नरेन्द्र कुमार साहू को गिरफ्तार किया गया पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने आर्थिक लाभ के लालच में अपने बैंक खाते और संबंधित दस्तावेज साइबर ठगों को उपलब्ध कराए थे।







### छत्तीसगढ़ में 16 जून से ही खुलेंगे स्कूल 1 जुलाई से शुरू होने की खबर फर्जी

**दुर्ग, 15 जून।** छत्तीसगढ़ में नए शैक्षणिक सत्र (2026-27) की शुरुआत को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही अफवाहों पर विराम लग गया है। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा दी गई आधिकारिक जानकारी के अनुसार, राज्य की सभी शासकीय एवं अशासकीय (निजी) शालाओं का विधिवत संचालन 16 जून 2026, मंगलवार से प्रारंभ कर दिया जाएगा। पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर यह भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही थी कि भीषण गर्मी या अन्य कारणों से नया शैक्षणिक सत्र 01 जुलाई 2026 से शुरू होगा। विभाग ने इस खबर का पूरी तरह खंडन करते हुए इसे असत्य, भ्रामक और फर्जी करार दिया है।

# शहर में मुहर्रम की तैयारियां तेज, ताजियों को दिया जा रहा अंतिम रूप





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 जून।** कर्बला के शहीदों की याद में मुहर्रम के 10 दिवसीय आयोजन 16 जून की शाम से शुरू हो रहे हैं। शहरभर में ताजियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है, मस्जिदों और इमामबाड़ों में तकरीरों की तैयारियां चल रही हैं, जबकि अखाड़ा कमेटियों के बैनर तले युवा करतब की प्रैक्टिस में जुटे हैं। भिलाई में 30 से अधिक स्थानों पर कारीगर ताजिया निर्माण में लगे हुए हैं। इसी कड़ी में अंजुमन हुसैनिया कमेटी खुर्सीपार में तैयारियां जोरों पर हैं। कमेटी के अनुसार, चांद की तारीख के मुताबिक 17 जून से 26 जून तक अलग-अलग धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 21 जून को 8वीं, 10वीं और 12वीं में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक हासिल करने वाली बेटियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही भिलाई की मुस्लिम महिला कमेटियों का इस्तकबाल भी होगा। इसी दिन दोपहर 1 बजे से मेडिकल कैंप और ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित किया जाएगा। 23 जून को शासकीय अस्पतालों में मरीजों के बीच फल वितरण किया जाएगा। 24 जून की रात नमाज-ए-ईशा के बाद हजरत अल्लामा मौलाना सैयद आलमगीर अशरफ अशरफी उल जिलानी की विशेष तकरीर होगी। इस दौरान मौलाना मुफ्ती साजिद सकाफी अशरफी भी मौजूद रहेंगे। कमेटी के मुताबिक, 1 से 10 मुहर्रम तक रोज सुबह 8 बजे से 10 बजे तक कुरआन ख्वानी होगी। वहीं 1 से 9 मुहर्रम तक रात 9 बजे नमाज-ए-ईशा के बाद रोजाना तकरीर आयोजित की जाएगी, जिसके बाद लंगर तकसीम किया जाएगा। मौसम को देखते हुए आयोजन स्थल पर वाटरप्रूफ पंडाल और महिलाओं के लिए अलग बैठने की व्यवस्था की गई है।

# पहले दाम बढ़ाओ,फिर सब्सिडी घटाओ:सेवक राम तारक



**अंवरी, 15 जून।** 12 वर्षों की गरीब विरोधी आर्थिक नीतियों और समझौते वाले विदेश नीतियों ने आज देश को ऐसे हालात में खड़ा कर दिया है जहां लाखों गरीब परिवारों और महिलाओं को लकड़ी के जहरीले धुएं की तरफ धकेल दिया गया है,मछुआ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सेवक राम तारक का कहना है उज्वला योजना से सब्सिडी वाले सिलेंडरों की संख्या 9 से घटा कर 4 कर दिया गया उस पर पिछले 3 महीना में घरेलू LPG सिलेंडरों के दाम 89 रुपया बढ़ा दिया गया मतलब पहले दाम बढ़ाओ,फिर सब्सिडी घटाओ,और गरीबों का चूल्हा बुझाओ... प्रवासी मजदूरी की जीवन रेखा 5 किलो का सिलेंडर 323 रुपया महंगा कर दिया,वो कमाएगा क्या ,खायेगा क्या और बचाएगा क्या....अरबपति मित्रों को लाखों करोड़ों कि कर्ज माफी दिलाना और गरीबों को अपनी नाकामियों का बिल थमाना ये लुट का मोदी मॉडल है मोदी जी क्या आपकी नाकामियों का बोझ सिर्फ गरीब उठाएंगे क्या? आपकी बनाई इस चरमराती अर्थ व्यवस्था की कीमत मजदूर,किसान, महिलाएं, और मध्य वर्ग ही चुकाएंगे ये आपका कुशासन नहीं तो क्या है।

# जल संरक्षण के लिए कल्याण समिति ने कोहका तालाब स्वच्छता अभियान चलाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 15 जून।** पर्यावरण संरक्षण और जल संरक्षण को लेकर सर्व समाज कल्याण समिति ने अच्छी पहल की है। समिति के अध्यक्ष इन्द्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में आर्यनगर कोहका तालाब में बड़े स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। आने वाले मानसून को देखते हुए समिति ने साफ़ किया है कि शहर के तालाबों को बचाने और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए आगे भी विशेष अभियान चलाए जाएंगे। इस क्लीन-अप ड्राइव में सर्व समाज कल्याण समिति, यूथ सिख सेवा समिति, स्वच्छता ही सेवा समिति भिलाई-दुर्ग, छत्तीसगढ़ स्वच्छता अभियान टीम और स्थानीय लोगों ने मिलकर हिस्सा लिया। इस मौके पर स्वच्छता ही सेवा समिति के अध्यक्ष प्रेमचंद साहू, भिलाई नगर निगम के सभापति गिरवर बंटी साहू समेत कई सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में युवा स्वयंसेवक मौजूद रहे। अभियान में समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू के नेतृत्व में मलकित सिंह, जोगा राव, शाहनवाज़ कुरैशी, डॉ. हरजींदर सिंह, राम हिंदरिया, रंजीत सिंह, सुनील यादव, वाजिद अंसारी, वी.पी. सारथी, गुरप्रीत, ललित साहू, आकाश यादव और सन्नी सिंह सहित कई लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अभियान के माध्यम से यह पहल दिखाती है कि अगर समाज साथ आए, तो पर्यावरण संरक्षण सिर्फ़ एक अभियान नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन बन सकता है।

### वार्ड-30 और --31 में विकास को मिली रफ्तार, 82 लाख से अधिक के निर्माण कार्य होंगे शुरू

**दुर्ग, 15 जून।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर के बाजार क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार एवं नागरिकों की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए 82 लाख रुपये से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया गया।महापौर अलका बाघमार ने वार्ड क्रमांक 30 के पार्षद एवं सभापति श्याम शर्मा, लोककर्म विभाग प्रभारी देव नारायण चंद्राकर, सांस्कृतिक विभाग प्रभारी एवं वार्ड क्रमांक 31 की पार्षद हर्षिका संभव जैन सहित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों की उपस्थिति में आरसीसी सड़क, नाली एवं पुलिया निर्माण कार्यों का विधिवत शुभारंभ किया।

# स्काउट-गाइड की जल सेवा का समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 15 जून।** जिला संघ भिलाई स्काउट गाइड की ओर से प्रतिदिन एक अच्छा काम करो के नेक विचार के साथ शुरू किये गये प्याऊ घर का समापन भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 में किया गया। स्कूली बच्चों द्वारा विगत चार माह से राहगीरों को शीतल जल पिलाने सेवा का कार्य किया गया। ज्ञातव्य है कि जिला संघ भिलाई स्काउट गाइड की ओर वर्ष भर तरह-तरह की गतिविधियां संचालित की जाती है। जिसमें पर्यावरण सुरक्षा, प्रदूषण की रोकथाम, महापुरुषों की जयंती इत्यादि शामिल है। इसी तारतम्य में विगत कई वर्षो से शुरू किए गये सेवा कार्य के तहत भीषण गर्मी में राहगीरों के लिए शीतल जल की व्यवस्था भिलाई विद्यालय सेक्टर-2 के मुख्य द्वार में की गई। यह प्याउ नियमित रूप से चलता रहा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शिक्षा विभाग से (महाप्रबंधक) शिक्षा एवं जिला मुख्य आयुक्त श्रीमती शिखा दुबे, श्रीमती विभा रानी कटिहार उप प्रबंधक, जिला आयुक्त स्काउट एवं प्राचार्य भिलाई विद्यालय विजय सिंह पवार, जिला आयुक्त गाइड एवं प्राचार्य श्रीमती सुमिता सरकार, श्रीमती रुबी बर्मन राय प्राचार्य सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-7, ओसी श्रीमती कीर्तिलता देशमुख, सत्यनारायण साहू, डॉ. शीतल चंद्र शर्मा वरिष्ठ व्याख्याता, डी. के. साहू, पवन अग्रवाल, भिलाई विद्यालय से सजीता राजेश, श्रीमती सविता धपवाल, वंदना सोनवाने, रजनी रजक, सतीश मिश्रा एवं प्रधान पाठक पी.आर. साहू सहित भिलाई स्काउट-गाइड के समस्त पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्काउट और गाइड शामिल हुए।

### बारिश के पूर्व नालियों की साफ सफाई की गई बगौद में

**अंवरी, 15 जून।** ग्राम बगौद में बारिश के पूर्व पुरे गाँव के नालीयो का साफ सफाई कराईं गई ताकि बारिश का पानी सही से निकासी हो सके। वही ग्राम बगौद सरपंच दशोदा कमलेश साहू ने बताया कि यह साफसफाई बारिश का तैयारी है ताकि पानी का सही निकासी हो सके। उप सरपंच ईश्वर साहू , पंच चुनेंद्र पटेल, सूखित पटेल, युवराज, रूपसिंग, मधुकर , एस कुमार साहू, खमेश साहू, झरना साहू ,गीता साहू ,अमेरिका साहू ,सत्यवती ,हीरा पटेल ,नागेश्वरी साहू, फुलेश्वरी साहू ,रेखा पटेल ,अनीता ध्रुव ,तुलसी साहू, फगेश्वरी , पूर्णिमा साहू, कमलेश आदि उपस्थित थे।

# अवैध रूप से शराब बेचता युवक गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 15 जून।** भिलाई रानीतराई थाना क्षेत्र के कौही अशोगा रोड स्थित तालाब किनारे पुल के पास अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी को रानीतराई पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के कब्जे से 33 पौवा देशी सवा शेरा मसाला शराब एवं बिक्री रकम जब्त की है रानीतराई प्रभारी कमल सिंह सेंगर ने बताया कि थाना अवैध रूप से शराब बिक्री किए जाने की सूचना मिली सूचना पर पुलिस टीम मौके पर एक व्यक्ति प्लास्टिक बोरी के थैले में अवैध शराब रखकर ग्राहकों की प्रतीक्षा करते मिला पूछताछ करने पर अपना नाम बलदाऊ सोनी (66 साल ) निवासी ग्राम केसरा बताया आरोपी ने अवैध शराब बिक्री करना स्वीकार किया आरोपी के कब्जे से 33 पौवा देशी सवा शेरा मसाला शराब एवं बिक्री रकम जब्त की है। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की है।

# 75 लाख रुपये से अधिक के नाली एवं पुलिया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

**दुर्ग, 15 जून।** नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा शहर के पटरीपार क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और नागरिकों की वर्षों पुरानी समस्याओं के समाधान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। महापौर अलका बाघमार ने लोककर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वार्ड क्रमांक 14, 15, 16 एवं 44 में 75 लाख रुपये से अधिक की लागत से होने वाले नाली एवं पुलिया निर्माण कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया।

भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। लंबे समय से जल निकासी और आवागमन की समस्याओं से जूझ रहे लोगों ने विकास कार्यों की स्वीकृति एवं भूमिपूजन पर महापौर एवं निगम प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।



### चार वार्डों में होंगे विकास कार्य जल निकासी समस्या से मिलेगी राहत

भूमिपूजन अंतर्गत वार्ड क्रमांक 44 गुरु घासीदास वार्ड में हिरामन साहू के घर से रानू के घर तक तथा पवन के घर से परऊ यादव के घर के पास तक लगभग 19 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य कराया जाएगा। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 14 सिकोला भाठा की विभिन्न गलियों में 18 लाख रुपये की लागत से नाली निर्माण कार्य होगा।वार्ड क्रमांक 15 सिकोला बस्ती में मानिकपुरी के घर तक तथा निर्मला के घर से प्रकाश के घर तक नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य लगभग 18 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। वहीं वार्ड क्रमांक 16 सिकोला बस्ती कर्मचारी नगर में साहू भवन से मुख्य नाला तक 20 लाख रुपये की लागत से नाली एवं पुलिया निर्माण कार्य संपादित किया जाएगा।इन सभी कार्यों के पूर्ण होने के बाद क्षेत्र में जलभराव की समस्या दूर होगी, बारिश के दौरान जल निकासी बेहतर होगी तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा प्राप्त होगी।

### विकास कार्यों से बदलेगी पटरीपार क्षेत्र की तस्वीर महापौर अलका बाघमार

इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के सभी क्षेत्रों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सड़क, नाली और पुलिया निर्माण के कार्य लगातार स्वीकृत किए जा रहे हैं।महापौर अलका बाघमार ने कहा कि बरसात के मौसम में जलभराव और आवागमन की समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से इन कार्यों को शीघ्र प्रारंभ कर समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी तथा पटरीपार क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का स्तर और बेहतर होगा।

भूमिपूजन कार्यक्रम में पार्षद ललिता ठाकुर, युवराज कुंजाम, खिलावन मटियारा, रंजीता पाटिल, सावित्री दमाहे, भाजपा जिला प्रवक्ता अरुण सिंह, मंडल अध्यक्ष मनमोहन सिंह, सहायक अभियंता संजय ठाकुर,उप अभियंता सिद्धार्थ साहू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने विकास कार्यों के लिए नगर निगम एवं महापौर का आभार व्यक्त करते हुए निर्माण कार्यों को शीघ्र प्रारंभ करने की अपेक्षा जताई।

### शहर के प्रत्येक वार्ड में विकास की रफ्तार तेज

नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा वर्तमान में विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली, पुलिया, पेयजल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्य लगातार स्वीकृत और प्रारंभ किए जा रहे हैं। निगम का लक्ष्य शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाकर समग्र विकास को गति देना है, ताकि आमजन को बेहतर शहरी सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

## एक नजर

### स्कोडा ऑटो ने भारत में नई कोडिएक आरएस एसयूवी लॉन्च करने का किया ऐलान

**रायपुर 15 जून।** स्कोडा ऑटो इंडिया ने अपनी प्रतिष्ठित आरएस (रैली स्पोर्ट) विरासत को आगे बढ़ाते हुए नई कोडिएक आरएस एसयूवी लॉन्च करने की घोषणा की है। यह भारत में आरएस बैज पाने वाली स्कोडा की पहली सात-सीटर एसयूवी होगी, जिसकी बुकिंग 22 जून 2026 से शुरू होगी। नई कोडिएक आरएस दमदार परफॉर्मेंस, 4×4 तकनीक, सात-सीटर लग्ज़री और बेहतर ऑल-टेरेन क्षमता का बेहतरीन संयोजन पेश करेगी। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रांड डायरेक्टर आशीष गुप्ता ने कहा कि आरएस बैज 50 वर्षों से अधिक की परफॉर्मेंस विरासत का प्रतीक है और भारत में इसके प्रशंसकों की बड़ी संख्या है। उन्होंने बताया कि कोडिएक आरएस देश में अब तक की सबसे तेज़ स्कोडा होगी। स्कोडा का मोटरस्पोर्ट इतिहास 125 वर्षों से अधिक पुराना है और कोडिएक आरएस उसी रेसिंग डीएनए को आधुनिक एसयूवी के रूप में पेश करती है। यह मॉडल परफॉर्मेंस पसंद करने वाले ग्राहकों के लिए स्पोर्टी ड्राइविंग अनुभव के साथ प्रीमियम सुविधाएं भी उपलब्ध कराएगा।

### 'भारत भाग्य विधाता' देखने वालों के लिए खास तोहफा, एक टिकट खरीदें और दूसरी मुफ्त पाएं

**रायपुर 15 जून।** 12 जून को रिलीज हुई कंगना रनौत अभिनीत फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' को दर्शकों और समीक्षकों से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। फिल्म की कहानी और कंगना के दमदार अभिनय की जमकर सराहना हो रही है। दिल्ली और राजस्थान समेत कई राज्यों में इसे करमुक्त (टैक्स फ्री) भी घोषित किया गया है। दर्शकों के बढ़ते उत्साह को देखते हुए फिल्म के निर्माताओं ने देशभर के सिनेमाघरों में ÷एक टिकट खरीदें, दूसरी मुफ्त पाएं÷ विशेष ऑफर शुरू किया है। दर्शक बुकमायशो पर टिकट बुक करते समय 'भारत' कोड का इस्तेमाल कर इस ऑफर का लाभ उठा सकते हैं। ऐसे में परिवार और दोस्तों के साथ फिल्म देखने का यह सुनहरा अवसर है। चार बार राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत एक बार फिर अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों का दिल जीत रही हैं। फिल्म में उनके साथ गिरिजा ओक, स्मिता तांबे, अमृता नामदेव, ईशा डे, प्रिया बेर्डे, आशा शेलार, सुहिता थत्ते, रासिका आगाशे, आदित्य मिश्रा और जाहिद खान भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं। फिल्म का निर्माण पेन स्टूडियोज, मणिकर्णिका फिल्म्स और परमहंस क्रिएशन्स ने किया है, जबकि इसका वितरण पेन मरुधर द्वारा किया जा रहा है।

### अवैध रुप से शराब बिक्री करने वाले आरोपी के विरुद्ध पुलिस चौकी तुमडीबोड ने की कार्रवाई



**राजनांदगांव 15 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा (भापुसे) के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एंव नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में लगातार नशे के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक 14.06.2026 को चौकी तुमडीबोड़ पुलिस के द्वारा मुखबिर सुचना पर ग्राम मचानपार मिलन दुकान के पास रेड कार्यवाही कर घेराबंदी कर आरोपी सूरज राजपूत के कब्जे से सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी में कुल 18 पौवा देशी प्लेन शराब (सुपर-36) एंव बिक्री रकम 300/-रुपये कुल जुमला किमती 1740/रु. को गवाहो के समक्ष जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्यावही की गई। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी उप निरी. धनी राम नारगें, सउनि. नंद कुमार फरदिया, आर0 1273 लोकेश साहू, आर0 494 चन्द्रशेखर यादव, आर0 312 थलेश देशमुख, एवं चौकी तुमडीबोड़ स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा।

# भक्ति संगीत और दीपोत्सव की त्रिवेणी का भव्य संगम

- 21000 दीपों से देव दीपावली महा उत्सव
- प्रसिद्ध भजन गायक चंद्रेश जैन की होगी प्रस्तुति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 15 जून।** संस्कारधानी राजनांदगांव में श्री सत्यनारायण मंदिर समिति द्वारा आयोजित श्री नारायण श्रद्धा, भक्ति, आराधना एवं संकीर्तन की अविरल धारा के अंतर्गत पुरुषोत्तम मास महोत्सव निरंतर भक्तिमय वातावरण में संपन्न हो रहा है। महोत्सव के 15 वें दिवस सोमवार 15 जून 2026 को श्री नारायण धाम में भक्ति, संगीत और दीपोत्सव की त्रिवेणी का भव्य संगम देखने को मिलेगा।

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश अग्रवाल ने बताया कि दोपहर 3:30 बजे से नगर के सुप्रसिद्ध भजन गायक चंद्रेश जैन अपनी मधुर स्वर गंगा से प्रभु श्रीराम के भजनों की प्रस्तुति देंगे। उनके सुमधुर भजन श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर आध्यात्मिक आनंद की अनुभूति कराएंगे।

समिति के सह सचिव रामावतार जोशी ने बताया कि पांच विद्वान पंडितों की उपस्थिति में शंखनाद, घंटानाद एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्री सत्यनारायण धर्मशाला से लेकर श्री सत्यनारायण मंदिर तक 21 हजार दीपों से सुसज्जित भव्य देव दीपावली का आयोजन किया जाएगा। इस दिव्य आयोजन के विशेष सहयोगी राकेश ठाकुर (दिया वाले बाबा), शनि धाम रानी सागर परिवार रहेंगे। देव दीपावली के माध्यम से बच्चों को संस्कार शिक्षा, करें योग रहें निरोग, पौधे लगाओ-वृक्ष बचाओ, जल बचाओ-जीवन बचाओ, स्वदेशी अपनाओ तथा गौ माता को राष्ट्र माता बनाने जैसे जनजागरण संदेश भी दिए जाएंगे। संस्कारधानी के नागरिकों के सहयोग से आयोजित इस अनूठे आयोजन में प्रत्येक श्रद्धालु एक दीप प्रज्वलित कर देव दीपावली उत्सव में सहभागी बनेगा।

समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल एवं राजेश शर्मा ने बताया कि 16 दिवसीय पुरुषोत्तम मास महोत्सव के समापन अवसर पर मंगलवार 16 जून 2026 को प्रातः 10 बजे श्री सत्यनारायण धर्मशाला, नारायण धाम में पंडित कालू महाराज के सान्निध्य में श्री सत्यनारायण कथा, हवन-यज्ञ, पूर्णाहुति एवं विश्व शांति हेतु मंगल कामना का आयोजन किया जाएगा। कथा के यजमान श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के समस्त सदस्यगण रहेंगे। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से श्री सत्यनारायण भगवान की कथा का श्रवण कर विश्व शांति एवं मानव कल्याण की मंगल कामना में सहभागी बनने की अपील की है। उपरोक्त जानकारी श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के सचिव सौरभ खंडेलवाल एवं उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने दी।

# मोदी जी के 12 वर्षों का सेवा युग भारत के लिए स्वर्णिम : सांसद बृजमोहन अग्रवाल

## पिपरौद में गूंजा 'मोदी है तो मुमकिन है' का नारा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने गिनाईं केंद्र सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धियाँ





**रायपुर 15 जून।** सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर लोकसभा अंतर्गत अभनपुर विधानसभा के ग्राम पिपरौद में विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत सघन जनसंवाद किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ आत्मीय मुलाकात की। कार्यक्रम की शुरुआत 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कर की गई।

### विकास के 12 वर्ष: कांग्रेस के 68 वर्षों पर भारी

सभा को संबोधित करते हुए श्री बृजमोहन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सफल 12 वर्षों के कार्यकाल पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि, ÷प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने अपनी कार्यशैली से भारत को विश्वगुरु बनाने की दिशा में अग्रसर किया है। इन 12 वर्षों में मोदी जी ने जितने जनकल्याणकारी कार्य किए हैं, उतने पिछले 68 वर्षों में नहीं हुए थे।÷ उन्होंने आगे कहा कि आज भारत की पहचान वैश्विक पटल पर सम्मान के साथ ली जाती है, जो कि मोदी जी के नेतृत्व का ही परिणाम है।

### सांसद ने जनता के सामने गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियाँ

श्री अग्रवाल ने स्थानीय विकास कार्यों का जिक्र करते हुए कहा कि, अभनपुर से उलाजिन तक की चौड़ी सड़क, प्रधानमंत्री आवास, घर-घर नल-जल योजना, और धान का समर्थन मूल्य, ये सभी मोदी जी की गारंटी के प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का निर्माण हो या कश्मीर से अनुच्छेद 370 का खात्मा, प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रहित में ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं।

### जनता की समस्याओं का तत्काल निराकरण किया

संवाद के दौरान सांसद श्री अग्रवाल ने विकास कार्यों की घोषणाएं भी कीं पिपरौद चंडी तालाब का सौंदर्यीकरण और गहरीकरण का कार्य मनरेगा के माध्यम से स्वीकृत। पिपरौद से सोनेसिल्ली पहुंच मार्ग की मरम्मत बरसात के बाद शुरू होगी। सांसद निधि से पिपरौद में विकास कार्यों के लिए 10 लाख रुपये की राशि स्वीकृत।

अन्य विकास कार्य: ग्राम पंचायत दादर धोरी में शेड निर्माण हेतु 10 लाख (मंडी बोर्ड से), पटेवा में रंगमंच के लिए 5 लाख, और कुरा में टीना शेड के लिए 5 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई।

### अधिकारियों को सख्त निर्देश

कार्यक्रम में सरकारी जमीन को अवैध रूप से बेचने की शिकायत मिलने पर सांसद श्री अग्रवाल ने कड़ा रुख अपनाते हुए अधिकारियों को 7 दिन के भीतर रिपोर्ट सौंपने और अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।



### रात्रि भोज और आत्मीय संवाद

कार्यक्रम के उपरांत श्री अग्रवाल ने स्थानीय कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों के साथ गांव में ही रात्रि भोज किया और जनसमस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे केंद्र और राज्य की विष्णुदेव साय सरकार की जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाएँ। इस अवसर पर स्थानीय विधायक श्री इंद्र कुमार साहू, भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री अशोक बजाज सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पार्टी पदाधिकारी एवं ग्रामीण उपस्थित थे।




**तिल्दा-नेवरा 15 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भाजपा तिल्दा शहर मंडल के द्वारा आयोजित इस मीडिया संवाद कार्यक्रम में सौरभ जैन के द्वारा सम्मानपूर्वक क्षेत्र भर के छोटे बडे, नामी गिरामी पत्रकारों की उपस्थिति रही। जिसमे वेबन्यूजपोर्टल, प्रिंटमीडिया, ईलेक्ट्रानिक मीडिया के लोगो आमंत्रित किया गया था। जिसमे बहुत पत्रकार उपस्थित रहे। भाजपा तिल्दा शहर मंडल के द्वारा आयोजित इस मीडिया संवाद कार्यक्रम में सौरभ जैन के द्वारा सम्मानपूर्वक क्षेत्र भर के छोटे बडे, नामी गिरामी पत्रकारों की उपस्थिति रही। जिसमे वेबन्यूजपोर्टल, प्रिंटमीडिया, ईलेक्ट्रानिक मीडिया के लोगो आमंत्रित किया गया था। जिसमे बहुत पत्रकार उपस्थित रहे।

### कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ब्लॉक इकाई डोंगरगढ़ के निर्विरोध संयोजक चुने गए संतोष कुमार देवांगन

**डोंगरगढ़ 15 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** दिनांक 14/06/2026 को विकास, खण्ड डोंगरगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक का निर्वाचन / मनोनयक हेतु बैठक आयोजित की गई पूर्व निर्धारित? कार्यक्रम अनुसार दिनाक 14 जून 2026 को विश्राम गृह डोंगरगढ़ में निर्वाचन अधिकारी श्री पी आर झाड़े सहायक निर्वाचन अधिकारी श्री विरेन्द्र कुमार रंगारी तथा पर्यवशक के रूप में डॉ के एल टांडेकर संरक्षक कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन राजनांदगांव निर्धारित समय पर उपस्थित हुए संयोजक के निर्वाचन हेतु दिनांक 27/5/2026 को जारी सूचना अनुसार निर्वाचन कार्यक्रम निम्नानुसार निधारित किया गया था ?। 12 बजे निर्वाचन प्रक्रिया प्रारम्भ की गई उपस्थित सदस्यों से नामांकन भरने का अनुरोध किया गया । ब्लाक सयोजक पद हेतु संतोष कुमार देवांगन का नामांकन प्राप्त हुआ उनके प्रस्तावक के लिए राकेश सिन्हा तथा समर्थक राजाराम उइके थे । निधारित समय तक एक मात्र आवेदन प्राप्त होने के कारण श्री संतोष कुमार देवांगन को निर्विरोध डोंगरगढ़ का ब्लॉक संयोजक नियुक्त किया गया। तथा विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई जितेंद्र मानकर इंजीनियरिंग संघ, शिवेन्द्र मिश्रा राजस्व निरीक्षक संघ, भीषम ठाकुर व नरेंद्र सेठिया पटवारी संघ, हीरालाल मोर्य, मनीष कुमार बडोले,मो.अमीन कुरैशी, ललित प्रताप सिंह, बंदिश नेमपांडे, राजेश पंचभाई सहायक शिक्षक फेडरेशन, अमित वैष्णव लघु वेतन कर्मचारी संघ, प्रणय तांबेकर लिपिक संघ, लक्ष्मी देवांगन , श्रीमती मिनाक्षी हेमने व बी एस राव शिक्षा विभाग, अमिताभ दुफारे अजाक्स ने इस चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# 70 लोगों ने रक्तदान कर दिया मानव जीवन बचाने का संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 जून।** विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर शंकरपुर वार्ड क्रमांक 7 स्थित लगन वाटिका मैरिज पैलेस में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर समाजसेवी निखिल रामटेके के तत्वावधान में आयोजित हुआ जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं एवं नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर को सफल बनाने में बालाजी ब्लड सेंटर की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम के कुशल मार्गदर्शन एवं व्यवस्थाओं के चलते रक्तदान शिविर सुचारू रूप से संपन्न हुआ। शिविर में कुल 70 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान कर मानव जीवन की रक्षा हेतु अपना अमूल्य योगदान दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। एक यूनिट रक्त कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन प्रदान कर सकता है। ऐसे आयोजनों से समाज में जागरूकता बढ़ती है और अधिक से अधिक लोग रक्तदान के लिए प्रेरित होते हैं। रक्तदान करने वाले प्रमुख रक्तवीरों में निखिल रामटेके, देव वर्मा, कौशलेंद्र, पुरुवाशु, सुरियस, अतुल, सुरज, आलाम, गगन, शशांक, भारत, हिरेंद्र, आयुष, ऋषभ, निहाल, जसवंत, दीपेंद्र, इरशाद, अरुण, रोशन, भावेश, योगेश, विनायक, वेदांत, आकाश, साहिल एवं भोजराज सहित अन्य रक्तदाता शामिल रहे। सभी रक्तवीरों ने अपने बहुमूल्य रक्त का दान कर मानव सेवा और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। आयोजन के अंत में सभी रक्तदाताओं का सम्मान किया गया तथा उनके इस सराहनीय योगदान के लिए आभार व्यक्त किया गया। विश्व रक्तदान दिवस के अवसर पर आयोजित यह शिविर समाज में सेवा, सहयोग और मानवता की भावना को सशक्त करने वाला एक प्रेरणादायी प्रयास साबित हुआ।

# पारंपरिक खेल, योगा, गीत-संगीत एवं जुम्बा डांस के साथ मस्ती की पाठशाला का रंगारंग समापन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 15 जून।** 3 मई से प्रारंभ होकर 7 सप्ताह तक अलग अलग खेलो के साथ मस्ती की पाठशाला का भारी भीड़ के बीच आज समापन हुआ। समापन अवसर पर महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि नागरिको की मांग पर स्वस्थ मनोरंजन के लिए नगर निगम द्वारा मस्ती की पाठशाला आयोजित की गयी। 7 सप्ताह के गरिमामय आयोजन के बाद आज मस्ती की पाठशाला का समापन हो रहा है। उन्होंने कहा कि सुबह 6 बजे से ही बच्चे परिवार सहित भारी संख्या में पहुँच हर सप्ताह इसका आनंद उठाए है। पाठशाला के सफल आयोजन के लिए मैं सभी संस्थाओ का जिन्होंने प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग किया उनका आभार व्यक्त करता हूॅं। साथ ही मेरे निगम परिवार के पार्षद साथी तथा अधिकारी कर्मचारी जिन्होंने आयोजन में अपनी महती भूमिका निभाई एवं यातायात की टीम जिन्होंने व्यवस्था में सहयोग किया उन सबका भी मैं ह्दय से आभार व्यक्त करता हूॅं। उन्होंने कहा कि 16 जून से शिक्षा सत्र प्रारंभ हो रहा है, साथ ही बारिश भी आने वाली है, जिसे ध्यान मे रखकर पाठशाला को विरांम दिया जा रहा है। आगामी वर्षो में इसे और भव्य रूप में आयोजित किया जायेगा।

कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने भी मस्ती की पाठशाला में उपस्थित होकर उत्साह वर्धन कर पाठशाला की सराहना की। आज की पाठशाला का शुभारंभ योगाभ्यास से हुआ, उसके पश्चात बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिलाए सभी वर्ग के लोगो ने पारंपरिक खेल रस्साकसी, मटकी फोड, रस्सी कुद, पिट्ठूल, भौरा, बेडमिंटन, साप सीढी, कराटे, तिरंदाजी, जैसे विभिन्न खेलो का मजा लिए। वही बच्चे झुला, फिसल पट्टी, रिंग डालना, निशाना लगाना आदि खेल का आनंद लेकर चित्रकला के माध्यम से अपनी प्रतिभा उकेरे, जिन्हें यामिनी कला केन्द्र द्वारा पुरूस्कृत किया गया। इसके अलावा छोटे बड़े सभी लोगो ने गाना गाकर गीत-संगीत का आनंद उठाए, वही जुम्बा डॉस में छत्तीसगढ़ी, हिन्दी, गानो में अंत तक थिरकते नजर आए। बाली अखाडा के छोटे बड़े बच्चों ने आग का गोला घुमाने के अलावा अखाडा के विभिन्न प्रदर्शन कर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिए। महापौर मधुसूदन यादव स्वयं गाना गाकर अखडा में प्रदर्शन किए।

सभी वर्ग के लोगो ने मस्ती की पाठशाला की सराहना कर कहा कि पाठशाला में आने के लिए बच्चो में एक दिन पहले से उत्साह रहता था और सुबह अपने मन से उठकर तैयार हो पाठशाला मे चलने जिद करते थे। उन्होंने कहा कि आज के इस मोबाईल के युग में यहा आकर हमारी बचपन की यादे ताजा हो जाती थी। क्योकि आजकल पारंपरिक खेल, खेलना तो दूर देखने को नही मिलता। बच्चे, युवा एवं महिलाओ ने ठंड के दिनों में दिसम्बर में मस्ती की पाठशाला आयोजित करने की महापौर से मांग की।

आज के मस्ती की पाठशाला में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करनें वालो को पुरूस्कृत किया गया। महाकाल सेना एवं बड़े व्यापारिक संगठन ने महापौर, आयुक्त एंव निगम अध्यक्ष का सम्मान कर उपस्थितजनो को उन्होने चाय-बिस्कीट का वितरण किया, वही छत्तीसगढ़ टेन्टल कालेज की ओर से हेल्थ जॉचकर काढा वितरण किया गया। हर सप्ताह सहयोग करने पर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने बाडी टेक जीम, रीदम रिवाल्युसन ग्रुप, पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास तथा योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन ग्रुप,मदर टेरेसा ग्रुप, ब्लड डोनेड संघ, यामिनी कला केन्द्र, राजनांदगांव रनर ग्रुप,इंडियन टी.वी.एस कम्पनी, महाकाल सेना, व्यापारिक संगठन के अलावा खेल जगत से हॉकी, कराटे, तीरंदाजी आदि संघो का आभार व्यक्त किया। आज के मस्ती की पाठशाला में निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा के अलावा पार्षदो सहित बच्चे, युवा एवं बुजुर्गो की परिवार सहित बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।

# जिला साहू संघ चुनाव में नोबल साहू की शानदार जीत

- भागवत साहू की रणनीति रही निर्णायक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 15 जून।** जिला साहू संघ के त्रिवर्षीय चुनाव में युवा नेतृत्व को प्राथमिकता देते हुए मतदाताओं ने नोबल साहू को अपना नया जिला अध्यक्ष चुना है। निवर्तमान जिला अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में तैयार किए गए मां कर्मा नोबल पैनल ने चुनाव में शानदार सफलता हासिल की। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और विजयी प्रत्याशियों का फूल-मालाओं, रंग-गुलाल तथा आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। समाज के वरिष्ठजनों ने इस जीत का श्रेय भागवत साहू के अथक प्रयासों, संगठन क्षमता और मजबूत रणनीति को दिया।

रविवार 14 जून को बसंतपुर स्थित साहू भवन में जिला साहू संघ के बहुप्रतीक्षित त्रिवर्षीय चुनाव का आयोजन किया गया। चुनाव में जिले भर से लगभग 2125 साहू मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पूरे दिन उत्साह और गहमा-गहमी के माहौल के बीच मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया संपन्न हुई। अध्यक्ष पद के लिए पांच प्रत्याशी मैदान में थे जिनमें पूर्व जिला अध्यक्ष एवं मजबूत दावेदार कमल किशोर साहू को चुनौती देते हुए युवा प्रत्याशी नोबल साहू ने शानदार प्रदर्शन किया। मतगणना के बाद नोबल साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी कमल किशोर साहू को 82 मतों के अंतर से पराजित कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। परिणाम घोषित होते ही समर्थकों ने नोबल साहू को फूल-मालाओं से लाद दिया तथा रंग-गुलाल लगाकर जोरदार स्वागत किया।

उपाध्यक्ष (महिला) पद के लिए हुए मुकाबले में श्रीमती अंजू साहू ने सर्वाधिक 639 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उनके बाद शैलेंद्री साहू को 565 मत मिले। पूर्व पार्षद जमुना देवी साहू को 488 मत, इंदूमति साहू को 314 मत तथा राजेश्वरी साहू को 81 मत प्राप्त हुए।

पुरुष उपाध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में देवेंद्र कुमार साहू ने 746 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी ओमप्रकाश साहू को 83 मतों से पराजित किया जिन्हें 663 मत प्राप्त हुए। वहीं बिसनाथ साहू को 337 मत तथा जीवनलाल साहू को 336 मत मिले।

जिला साहू संघ के संगठन सचिव पद के चुनाव में देवानंद साहू ने 880 मत प्राप्त कर शानदार जीत दर्ज की। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी लवींद्र साहू को 184 मतों के अंतर से पराजित किया। इस पद के लिए टहलुराम साहू को 470 मत प्राप्त हुए।

महिला संगठन सचिव पद के लिए हुए मुकाबले में इंदू साहू ने 576 मत प्राप्त कर जीत हासिल की। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वी श्रीमती गीता साहू को 41 मतों से पराजित किया। गीता साहू को 535 मत मिले। वहीं अनिता साहू को 480 मत तथा प्रमिला साहू को 475 मत प्राप्त हुए।

चुनाव परिणाम सामने आते ही साहू समाज के लोगों ने मतदान स्थल पर ही जश्न मनाना शुरू कर दिया। विजयी प्रत्याशियों को फूल-मालाएं पहनाई गईं, मिठाइयां बांटी गईं और रंग-गुलाल लगाकर खुशी का इजहार किया गया। इस दौरान साहू समाज के लोगों में भारी उत्साह देखने को मिला।

छत्तीसगढ़ साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरेंद्र साहू सहित समाज के अनेक वरिष्ठजनों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्षों एवं संगठन सचिवों को बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। समाजजनों ने आशा व्यक्त की कि नई टीम संगठन को नई दिशा देने के साथ-साथ समाज के विकास और एकता को और अधिक मजबूत करेगी।

# मौका मिलते ही बड़े,श्रेष्ठ होने का घमंड हो गया है

राजनीति में जब एक राजनीतिक दल कोई बड़ा काम नहीं कर पाता है तो उसे समझ जाना चाहिए कि यह उसके अकेले के बस की बात नहीं है।उसे यह सच्चाई को स्वीकारना चाहिए कि वह कभी बड़ा दल था, हर चुनाव में जीतता था, कोई उसका मुकाबला नहीं कर पाता था और वह देश की राजनीति में सबसे श्रेष्ठ भी था। साथ ही उसे यह भी स्वीकारना चाहिए कि वह अब ऐसा नहीं है।वर्तमान में वह भी देश के तमाम विपक्षी दलों के समान एक राजनीतिक दल है जिसका लक्ष्य अन्य दलों की तरह भाजपा व मोदी को हराकर दिल्ली की सत्ता पर काबिज होना है। पंद्रह साल हो गया विपक्षी ने हर तरह की कोशिश करके देख ली है लेकिन तीन बार वह पीएम मोदी व भाजपा को नहीं हरा पाए हैं।यह सच है, इसे सबको स्वीकारना चाहिए, बाकी दल तो इतने ईमानदार हैं कि अपनी हार को स्वीकार करते हैं लेकिन कांग्रेस इसे स्वीकार नहीं करती है, क्योंकी इससे उनका नेतृत्व हारा हुआ साबित होता है। जो हारता है, हर चुनाव में हार को स्वीकार करता है वही हार के कारणों को जानने का प्रयास करता है और अगले चुनाव में जीत के लिए प्रयास करता है। जो मानता ही नहीं है कि वह हारा है, उसकी पार्टी हारी है, वह जीत के लिए कैसे प्रयास कर सकता है। वह तो खुद को जीता हुआ मानता है, जो खुद को जीता हुआ मानता है, उसे जीतने के लिए प्रयास करने की क्या जरूरत है। हाल ही में कांग्रेस की तरफ से एक आडियो मे राहुल गांधी यही कहते हैं कि कांग्रेस हारी नहीं है, विपक्ष हारा नहीं है। कांग्रेस तो यह मानती है विपक्ष को भी यही स्वीकार करना चाहिए। विपक्षी नेता स्वीकार नहीं करते है, इसलिए हताश हैं निराश हैं। इसके अलावा राहुल गांधी यह भी कहते हैं कि विपक्ष को परंपरागत राजनीति को छोड़ना होगा क्योंकि इस परंपरागत राजनीति से भाजपा को हराया नहीं जा सकता। इसका मतलब साफ है कि चुनाव में विपक्ष की निरतर हार से कांग्रेस को मौका मिला है यह बताने का समझाने का तुम जो कर रहे हो,कह रहे हैं, उससे कुछ नहीं होने वाला है। तो विपक्ष को क्या करना चाहिए। कांग्रेस के सामने सरेंडर कर देना चाहिए। राहुल गांधी के नेतृत्व को एक आवाज में स्वीकार करना चाहिए। देश की राजनीति में जब भी कांग्रेस मजबूत होती है तो विपक्ष कमजोर होता है और विपक्ष मजबूत होता है तो कांग्रेस कमजोर होती है। देश की राजनीति में पं. बंगाल में ममता की हार व तमिलनाडु में द्रमुक की हार और केरल में कांग्रेस की जीत और तमिलनाडु में टीवीके से साथ सरकार में शामिल होने के कांग्रेस समझ रही है कि उसे विपक्ष की जरूरत नहीं है, विपक्ष को उसकी जरूरत है, इसलिए विपक्ष को कांग्रेस की बात माननी चाहिए। राहुल गांधी की बात माननी चाहिए। राहुल गांधी कह रहे है कि अब विरोध की राजनीति का वक्त नहीं है, प्रतिरोध की राजनीति का वक्त है तो विपक्ष के नेताओं को उसे मान लेना चाहिए और राहुल गाधी से पूछना चाहिए कि विरोध की जगह प्रतिरोध की राजनीति कैसे की जाती है। राहुल गांधी विपक्ष के नेताओं का किसी राज्य में प्रतिरोध की राजनीति करके दिखाएं। राहुल गांधी ने कहा है कि कांग्रेस का मूल चरित्र एक प्रतिरोध आंदोलन का है।इसलिए कांग्रेस संविधान व लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी। मतलब साफ है कि कांग्रेस मूल रूप से विपक्षी दलों से अलग है। इसलिए विपक्ष को कांग्रेस के समान होना होगा। उनका भी मूल चरित्र प्रतिरोध का होना चाहिए। ऐसा कह देने के विपक्ष का मूल चरित्र प्रतिरोध का तो नहीं हो सकता। राहुल गांधी आडियो में विपक्ष को बताते हैं कि आने वाले समय में विपक्ष को रेजिस्टेंस मोड में काम करना होगा।उन्होने भारत जोड़ो यात्रा,शिक्षा व सामाजिक मुद्दों पर आंदोलनों का जिक्र करते हुए कहा कि जनता के बीच लगातार संघर्ष और प्रतिरोध ही सबसे प्रभावी राजनीतिक हथियार है और भविष्य में साबित होगा।वह विपक्ष के तमाम नेताओं से खुद को ज्यादा समझदार बताने का प्रयास करते हुए कहते हैं कि विपक्ष को एकजुट करना मेरे लिए कोई राजनीतिक कर्तव्य नहीं रह गया है, अब यह मेरे लिए धार्मिक व आध्यात्मिक कर्तव्य है। विपक्ष को एकजुट करने व सफल बनाने के लिए मुझे जितना भी अपमान सहन करना पड़ेगा,मैं सहने को तैयार हूं।इंडिया ब्लाक की बैठक में कांग्रेस के बारे में बहुत कुछ कहा गया, उसका जवाब देना मेरा काम नहीं है।मेरा काम तो अब सबकुछ अपने भीतर समाहित कर लेना है।जैस नीलकंठ शिव ने विषपान किया था, मेरे या कांग्रेस पार्टी के खिलाफ आपके मन मे जो भी आलोचना है,हम उसे स्वीकार करेंगे और मुस्कराते हुए स्वीकार करेंगे। राहुल गांधी कैसी विपक्षी एकता चाहते हैं, उनके आडियों जारी करने से ही साफ हो जाता है। जब इंडिया ब्लाक की बैठक हुई है और उसमें इंडिया ब्लाक के तमाम नेताओं ने अपनी बात कही है। बहुत कुछ कहा है, ऐसे इंडिया ब्लाक की बैठक को कोई आडियो जारी करना था को उसमें उन सभी नेताओं की बातों का समावेश होना था जिन्होंने बैठक में अपने विचार व्यक्त किए हैं। विपक्षी नेताओं के बयानों से साफ हो जाता कि कई विपक्षी नेता कांग्रेस और राहुल गांधी को लेकर नाराज है और उन्होंने बैठक में खुलकर नाराजगी जाहिर की है। विपक्षी एकजुटता नहीं होने के लिए उन्होंने कांग्रेस को दोषी माना है। ऐसे में विपक्षी एकता के लिए कांग्रेस प्रयास करती रही है तथा आगे भी करेगी यह संदेश देने के लिए कांग्रेस ने खाली राहुल गांधी का आडियों का जारी किया है और राहुल गांधी को हर तरह से विपक्ष का योग्य नेता बनाते की कोशिश की है। आने वाले समय मे साफ हो जाएगा कि विपक्ष राहुल गांधी को कितना अपना नेता मानता है और कितना उनकी बात मानता है।

## राजनीति

# तृणमूल कांग्रेस : क्षेत्रीय दलों के 'अवसान' की कड़ी में एक और नाम

**तनवीर जाफ़री**

तृणमूल कांग्रेस की स्थापना 1 जनवरी 1998 को तत्कालीन केन्द्रीय रेल मन्त्री ममता बनर्जी ने की थी। उन्होंने पश्चिम बंगाल की कांग्रेस शाखा से विद्रोह कर इस दल की स्थापना की थी। 2009 के लोकसभा चुनावों में बंगाल से 19 सीटें जीतकर यह देश की छठी सबसे बड़ी पार्टी बनी जबकि 2019 में 22 सीटें जीतकर देश की चौथी सबसे बड़ी पार्टी बन गयी। 2024 में भी तृणमूल कांग्रेस ने 29 सीटें जीतीं। परन्तु मात्र 28 वर्षों की राजनैतिक यात्रा तय कर पिछले दिनों विधानसभा चुनाव में पार्टी की करारी हार के बाद तृणमूल कांग्रेस ताश के पत्तों की तरह ढहती दिखाई दी। इसके लगभग 20 लोकसभा सांसदों , 3 राज्यसभा सांसदों व 58 विधायकों ने पार्टी छोड़ विद्रोह कर गये हैं। यह तृणमूल कांग्रेस के 28 साल के इतिहास में सबसे गंभीर राजनैतिक संकट है । अब ख़बरें यहाँ तक आ रही हैं कि जिस कांग्रेस पार्टी द्वारा पाली पोसी गयी तेज़ तर्रार नेता ममता बनर्जी ने उसी कांग्रेस से विद्रोह करते हुये उसे राज्य में तबाह कर अपना अलग राजनैतिक दल क़ायम किया था,संभवतः वही ममता अब पुनः अपने बचे खुचे दल व साथियों सहित कांग्रेस की शरण में जाने का सम्मानजनक रास्ता तलाश कर रही हैं। तृणमूल कांग्रेस के पतन में जहाँ अनेक राजनैतिक कारण,चुनावी प्रक्रिया आदि की बातें की जा रही हैं वहीँ इसके पीछे का सबसे प्रमुख कारण ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी के प्रति पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं की नाराज़गी बताई जा रही है। तो क्या अब तृणमूल कांग्रेस भी परिवारवाद की भेंट चढ़े देश के अनेक क्षेत्रीय दलों की सूची में शामिल हो गया है ? तृणमूल कांग्रेस की ही तरह भारतीय राजनीति में अनेक क्षेत्रीय राजनैतिक दल परिवारवाद (वंशवाद) या विरासत की दावेदारी के चलते समाप्त हो गये, टूट गये या उनमें मतभेद सामने आये। उदाहरण के तौर पर महाराष्ट्र की शिवसेना में उद्धव ठाकरे व राज ठाकरे के बीच में 2005-2006 गहरी राजनीतिक दरार पड़ी। जिसका मुख्य कारण शिवसेना के भीतर सत्ता संघर्ष और उत्तराधिकारी की लड़ाई था । उद्धव, बाल ठाकरे के बेटे हैं जबकि राज ठाकरे,बाल ठाकरे के भाई के बेटे यानी सगे भतीजे।चूंकि राज,बाल ठाकरे के सबसे क़रीबी सहयोगी थे इसलिये उन्हीं को बाल ठाकरे के राजनीतिक उत्तराधिकारी के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अंतिम दिनों में बाल ठाकरे ने अपने बेटे उद्धव को आगे बढ़ाया और राज को उद्धव का उत्तराधिकारी के रूप में तैयार किया जाना नहीं भाया और शिवसेना में पहला बड़ा विघटन हो गया और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना मनसे के नाम से नया दल वजूद में आया जिसने शिवसेना को भारी नुक़सान पहुँचाया। इसी तरह इंडियन नेशनल लोक दल जिसके संस्थापक चौधरी देवी लाल थे,की विरासत उनके पुत्र ओम प्रकाश चौटाला ने संभाली आगे चलकर उनके दोनों पुत्रों अजय चौटाला व अभय सिंह चौटाला के बीच विरासत संभालने को लेकर हुये मतभेद में पार्टी दो हिस्सों बंटकर कमज़ोर गयी। इसी तरह उत्तर प्रदेश में मुलायम सिंह यादव द्वारा गठित समाजवादी पार्टी में पहले तो 2016 -17 के बीच मुलायम सिंह यादव (पिता) और अखिलेश यादव (पुत्र) के बीच मुख्य मंत्री के पद व टिकट बंटवारे को लेकर गहरे मतभेद उभरे। बाद में अखिलेश के चचेरे भाई शिवपाल यादव ने "राष्ट्रीय समाजवादी पार्टी" नामक एक नई पार्टी बना डाली। एक समय में तो सपा में तीन गुट बन गए थे। गोया सपा को भी परिवारवाद की आंच झेलनी पड़ी। उधर पंजाब में प्रकाश सिंह बादल के पुत्र सुखबीर बादल के शिरोमणि अकाली दल का अध्यक्ष बनने के बाद पार्टी का अवसान' शुरू हो गया। इसी तरह आर जे डी संस्थापक लालू यादव अपने पुत्र तेजस्वी यादव के मोह में कई वरिष्ठ सहयोगी खो बैठे। तेजस्वी यादव के भाई तेज प्रताप यादव के बीच तथा और आगे चलकर सभी बहनों के बीच विरासत का घमासान देखने को मिला। निश्चित रूप से इन सब से पार्टी कमज़ोर हुई और लोगों में इस पारिवारिक सिर फुटव्वल का ग़लत सन्देश गया। इसी तरह एन टी रामाराव द्वारा स्थापित तेलगू देशम पार्टी पर कभी उनकी दूसरी पत्नी लक्ष्मी पर्वती ने अपना अधिकार जमाना चाहा तो कभी दामाद चंद्रबाबू नायडू ने दल पर अधिकार जमाने की सफल क़वायद की। महाराष्ट्र में ही शरद पवार के परिवार में उनकी बेटी व भतीजे के बीच पार्टी विरासत को लेकर चले घमासान और पार्टी विघटन से सभी वाक़िफ़ हैं। मायावती भी पार्टी को वन मैन शो की तरह चला रही हैं और परिवारवाद की भावनाओं का शिकार होकर अपने भाई आनंद कुमार के बेटे यानी अपने भतीजे आकाश आनंद को आगे कर रही हैं। उत्तराधिकार के विवाद की चपेट में आर एल डी व ए,डी एम के व ए आई डी एम के भी आ चुकी है। गोया देश के अधिकांश राजनैतिक दल परिवारवाद या विरासत के कारण उठे मतभेदों के चलते अवसान की ओर जा चुके हैं। परन्तु यह सब जानने के बावजूद बड़े से बड़े यहाँ तक कि दूसरे दलों पर परिवारवाद का ठप्पा लगाने वाले नेता भी परिवारवाद से मुक्त नहीं पाते।






जैसे अभी नितीश कुमार को ही देख लीजिये। बिहार की सत्ता छोड़ते छोड़ते अपने ऐसे बेटे को स्वास्थ मंत्री बनवा गये जिसके अपने स्वास्थ को लेकर बिहार की जनता चिंतित है। परन्तु पुत्र मोह से बढ़कर आख़िर क्या है ? इसी तरह भाजपा के दर्जनों नेता जिन्होंने जीवन हर कांग्रेस पार्टी पर परिवारवादी होने का आरोप लगाया वे अपने बेटों पोतों या भाई भतीजों को अपनी राजनैतिक विरासत सौंप चुके हैं। रहा सवाल नेहरू गाँधी परिवार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधने का तो यह महज़ एक प्रोपेगंडा मात्र है। कांग्रेस की नेहरू गाँधी परिवार को नहीं बल्कि कांग्रेस को नेहरू गाँधी परिवार की ज़रुरत है। देश के लोग जानते हैं कि इस परिवार ने आज़ादी के संघर्ष से लेकर आज तक देश के लिये कितनी क़ुर्बानियां दी हैं और देश के विकास में क्या योगदान रहा है। लोकतंत्र की वर्तमान दयनीय होती स्थिति में भी क्षेत्रीय दलों की ख़ामोशी के बावजूद कांग्रेस पार्टी जिसतरह संघर्षरत है उसमें भी नेहरू गाँधी परिवार के सदस्यों की ही अहम भूमिका है। दूसरी ओर परिवारवाद के चलते या विरासत की जंग में अनेक क्षेत्रीय दलों का पतन होता जा रहा है। क्षेत्रीय दलों के 'अवसान' की कड़ी में अब तृणमूल कांग्रेस का नाम भी शामिल हो गया है।

## राशिफल

**मेष** आज हर कदम सोच-समझकर बढ़ाने की जरूरत है, खासकर कारोबार और पैसों से जुड़े मामलों में। जल्दबाजी में लिया गया फैसला बाद में पछतावा दे सकता है। जीवनसाथी की भावनाओं को समझना और उनकी सेहत का ध्यान रखना रिश्तों में और मिठास घोलेगा। परिवार में चल रही कोई चिंता, खासकर संतान के विवाह को लेकर, धीरे-धीरे सुलझती दिखाई दे सकती है।

**वृषभ** आज मेहनत का फल मिलने से मन संतुष्ट रहेगा और आर्थिक स्थिति भी मजबूत महसूस होगी। घर में पूजा-पाठ या धार्मिक माहौल बनाने का मन हो सकता है। बच्चों की संगति पर थोड़ा ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि छोटी लापरवाही आगे परेशानी बन सकती है। बेवजह की बहस से दूरी बनाए रखें, वरना मानसिक तनाव बढ़ सकता है। अचानक किसी जरूरी काम से यात्रा करनी पड़ सकती है, जो आगे चलकर फायदेमंद साबित होगी।

**मिथुन** आज मन थोड़ा उलझा हुआ रह सकता है और किसी पुराने कानूनी या जरूरी मामले को लेकर चिंता बनी रह सकती है। अच्छी बात यह है कि अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और आपके काम की तारीफ भी होगी। कोशिश करें कि अपने महत्वपूर्ण काम खुद संभालें, क्योंकि दूसरों पर जरूरत से ज्यादा भरोसा नुकसान दे सकता है। अपनी निजी बातें हर किसी से साझा करने से बचें। आपके विचार और सुझाव लोगों को प्रभावित करेंगे,

**कर्क** आज दूसरों की मदद और अच्छे व्यवहार से समाज में आपकी पहचान मजबूत होगी। लंबे समय से रुकी चीजें धीरे-धीरे आगे बढ़ती नजर आएंगी। नौकरी और कार्यक्षेत्र में बोलचाल पर संयम रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि आपके शब्द ही रिश्तों को बना या बिगाड़ सकते हैं। आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे। नई नौकरी या नए अवसर की तलाश कर रहे लोगों को भी उम्मीद की किरण दिखाई दे सकती है। धैर्य और समझदारी आज आपका सबसे बड़ा हथियार रहेगा।

**सिंह** आज का दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। कार्यक्षेत्र में कुछ नया करने का विचार मन में आएगा और यही बदलाव आगे सफलता का कारण बन सकते हैं। विद्यार्थी पढ़ाई और प्रतियोगिता में पूरी मेहनत से जुटे रहेंगे। मौसम का असर सेहत पर पड़ सकता है, इसलिए लापरवाही न करें। परिवार में किसी शुभ कार्यक्रम की वजह से खुशियों का माहौल रहेगा। पुराने दोस्त से मुलाकात मन को खुश कर सकती है और सेवा या दान-पुण्य के कामों में भी रुचि बढ़ेगी।

**कन्या** आज मेहनत और लगन आपका सबसे बड़ा सहारा बनेगी और अच्छे परिणाम भी दिलाएगी। जरूरतों और आराम की चीजों पर खर्च बढ़ सकता है, लेकिन इससे मन को संतोष मिलेगा। प्रेम संबंधों में मिठास बनी रहेगी और साथी के साथ अच्छा समय बिताने का मौका मिलेगा। विद्यार्थी पढ़ाई में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होने से नए लोगों से संपर्क बनेंगे और रुका हुआ काम आगे बढ़ने लगेगा।

**तुला** आज प्रगति और समृद्धि के अच्छे संकेत मिल रहे हैं। धन और सुविधाओं में बढ़ोतरी से मन खुश रहेगा। प्रभावशाली लोगों से मुलाकात भविष्य के लिए नए रास्ते खोल सकती है। आपकी सकारात्मक सोच आपको हर परिस्थिति में आगे बढ़ाएगी। प्रॉपर्टी खरीदने या निवेश की योजना भी बन सकती है। परिवार से किया गया कोई वादा निभाना जरूरी होगा।

**वृश्चिक** आज धैर्य और समझदारी से काम लेना बेहद जरूरी होगा, क्योंकि जल्दबाज़ी नुकसान करा सकती है। आपका आत्मविश्वास और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे। संतान के प्रति आपका सहयोग सराहा जाएगा। जीवनसाथी के साथ समय बिताने या छोटी यात्रा का मौका मिल सकता है, जिससे रिश्तों में ताजगी आएगी। नौकरी में सम्मान या पद बढ़ने से खुशी मिलेगी।

**धनु** आज समझदारी और संतुलन के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। व्यापार में फंसा हुआ पैसा वापस मिलने की संभावना है, जिससे राहत महसूस होगी। संतान के करियर को लेकर थोड़ी चिंता रह सकती है, लेकिन सही सलाह से रास्ता निकल आएगा। परिवार के बड़े सदस्य से कोई शुभ समाचार या उपहार मिल सकता है। काम के प्रति लापरवाही बिल्कुल न करें, क्योंकि आपकी मेहनत ही आपको पहचान दिलाएगी।

**मकर** आज धैर्य और शांति बनाए रखना आपके लिए सबसे ज्यादा जरूरी रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग भावनात्मक मजबूती देगा। वाहन चलाते समय विशेष सावधानी रखें। कुछ अचानक खर्च सामने आ सकते हैं, इसलिए बजट संभालकर चलना बेहतर रहेगा। परिवार में चल रही कोई बहस या गलतफहमी खत्म होने से माहौल शांत होगा।

**कुंभ** आज लाभ के कई अवसर सामने आ सकते हैं, लेकिन जल्दबाज़ी से बचना जरूरी होगा। नौकरी या रोजगार की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। योजनाबद्ध तरीके से किया गया काम सफलता दिलाएगा। किसी नए काम की शुरुआत का विचार मजबूत होगा, लेकिन निवेश सोच-समझकर करें। घर में किसी मेहमान के आने से रौनक और खुशी का माहौल बना रहेगा।

**मीन** आज कुछ चुनौतियां सामने आ सकती हैं, लेकिन आपकी आस्था और सकारात्मक सोच आपको संभाल लेगी। धार्मिक और आध्यात्मिक कार्यों में मन लगेगा, जिससे मानसिक शांति मिलेगी। सेहत को नजरअंदाज करना परेशानी बढ़ा सकता है। यदि कर्ज लेने की योजना बना रहे थे, तो परिस्थितियां आपके पक्ष में बन सकती हैं। किसी भी काम में जल्दबाजी न करें, क्योंकि धैर्य से किया गया प्रयास ही सफलता देगा। मेहनत का फल जरूर मिलेगा.

## सू- दोकू क्र.070

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.069 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -070

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | | | ■ | | ■ | 10 | | |
| | ■ | 11 | | ■ | 12 | | ■ | |
| ■ | 13 | ■ | ■ | 14 | | | ■ | ■ |
| 15 | | 16 | | ■ | | ■ | ■ | 17 |
| | ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | |
| | ■ | 20 | | | ■ | 21 | | |
| ■ | 22 | | ■ | 23 | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 069 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | ■ | आ | वा | जा | ही | ■ | ■ |
| मा | ■ | खू | ब | ■ | दू | र | स्थ | ■ |
| ना | दा | न | ■ | सा | ग | ■ | ल | क्ष्य |
| ■ | न | ख | ■ | त | र | ल | ■ | ■ |
| ■ | वी | रा | न | ■ | ■ | च | ट | क |
| ■ | र | ब | ■ | आ | ज | क | ल | ■ |
| ■ | ■ | ■ | आ | ग | ■ | दा | ना | ■ |
| ■ | अ | ग | र | म | ग | र | ■ | क्रो |
| भा | भी | ■ | ती | न | ■ | ■ | व | ध |

# आती-जाती सत्ता के साथ बदलती नेताओं की वफादारी

**संजय सक्सेना,लखनऊ,**



पारिवारिक और सामाजिक जीवन में जहां वफादारी सबसे बड़ी पूंजी होती है, वहीं क्या सियासत की दुनिया में वफादारी सबसे सस्ती चीज होती है? आज यह सवाल हर तरफ पूछा जा रहा है। क्या जब तक सत्ता का 'सूरज' चमकता रहता है, दरबार में भीड़ लगी रहती है। लेकिन जैसे ही सूरज 'अस्ताचल' होने लगता है, सियासी 'महफिल' में सन्नाटा छा जाता है। पश्चिम बंगाल की राजनीति में इस वक्त ठीक यही हो रहा है। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के बाद तृणमूल कांग्रेस की बगावत ने पार्टी को पूरी तरह से तहस-नहस कर दिया है। दिल्ली से कोलकाता तक पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे अभिषेक बनर्जी की मनमानी के खिलाफ पार्टी के 20 लोकसभा सांसदों और 58 से अधिक विधायकों ने मोर्चा खोल दिया है। वैसे यह महज एक पार्टी का संकट नहीं है, यह भारतीय लोकतंत्र के उस गहरे घाव को उजागर करता है, जिसे मौकापरस्ती का नासूर कहते हैं। पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 में भाजपा ने 45.43 प्रतिशत वोट पाकर सत्ता पर कब्जा किया और ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस का वोट शेयर 7.16 प्रतिशत गिर गया। विधानसभा चुनाव 2026 के परिणाम में ममता बनर्जी की पार्टी को मात्र 80 सीटें मिलीं। ममता बनर्जी के 35 में से 22 मंत्रियों को हार का सामना करना पड़ा, यानी करीब 63 प्रतिशत मंत्री चुनाव हार गए। खुद ममता बनर्जी भी अपने पुराने गढ़ भवानीपुर में हार गईं। पंद्रह साल की सत्ता का यह अंत था, लेकिन असली तमाशा इसके बाद शुरू हुआ।

पिछले 14 दिन में ही पांच बड़े नेताओं ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राज्यसभा सांसद सुखेंदु शेखर राय ने पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है और अपनी राज्यसभा सीट भी छोड़ दी है। जिस सुखेंदु शेखर राय को ममता का सबसे भरोसेमंद सिपाही माना जाता था, उन्होंने जाते-जाते भाजपा की तारीफ में पत्र लिखा। 14 बागी सांसद भाजपा के राष्ट्रीय रणनीतिकार और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के आवास पर लंच के लिए जुटे, जहां पश्चिम बंगाल के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी भी मौजूद थे। यह लंच महज खाने का नहीं, सियासी पाला बदलने का आयोजन था। बागियों की फेहरिस्त लंबी है। काकोली घोष दस्तीदार, जगदीश चंद्र बसुनिया, खलीलुर रहमान, यूसुफ पठान, अबू ताहिर खान, पार्थ भौमिक, बापी हलदार, सायोनी घोष, माला रॉय, मिताली बाग, दीपक अधिकारी, जून मालिया, अरूप चक्रवर्ती और शत्रुघ्न सिन्हा समेत 19 सांसदों के नाम बागी सूची में हैं। टीएमसी सांसद शताब्दी रॉय ने खुलकर कहा कि भारी भ्रष्टाचार की वजह से पार्टी की हार हुई है। उन्होंने संकेत दिए कि वे एनडीए का समर्थन करेंगी और अपने निर्वाचन क्षेत्र के विकास के लिए मौजूदा सरकार के साथ काम करेंगी। टीएमसी के पूर्व राष्ट्रीय प्रवक्ता शांतनु सेन ने भी पार्टी से इस्तीफा देकर ममता बनर्जी और अभिषेक बनर्जी के नेतृत्व को चुनौती दी।

लेकिन यह बीमारी सिर्फ तृणमूल की नहीं है। भारतीय राजनीति का पूरा इतिहास ऐसे मौकापरस्तों से भरा पड़ा है, जिन्होंने सत्ता के लिए अपनी वैचारिक प्रतिबद्धता को ताक पर रख दिया। 2014 में जब नरेंद्र मोदी की अगुआई में भाजपा ने ऐतिहासिक बहुमत हासिल किया, तब से कांग्रेस का एक के बाद एक बड़ा चेहरा पार्टी छोड़ता चला गया। गुलाम नबी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया, जितिन प्रसाद, हेमंत बिस्वा सरमा, जगदंबिका पाल, अदिति सिंह काफी लंबी लिस्ट है। राहुल-प्रियंका के सबसे करीबी आरपीएन सिंह तक ने भी कांग्रेस का साथ छोड़ दिया। ये वो लोग थे, जो कभी गांधी परिवार के सबसे करीबी माने जाते थे। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तो मध्य प्रदेश में कांग्रेस की कमलनाथ सरकार ही पलट दी और सीधे केंद्र में मंत्री बन गए। महाराष्ट्र कांग्रेस के बड़े नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया और अगले ही दिन भाजपा में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में निर्णय लेने की क्षमता नहीं है। अमरिंदर सिंह, जो पंजाब के मुख्यमंत्री रहे और जिन्होंने पाकिस्तान से लड़ाई तक की बात की थी, वे भी कांग्रेस छोड़कर अपनी पार्टी बनाकर बाद में भाजपा की गोद में जा बैठे। नारायण राणे, जो महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री रहे, उन्होंने भी यही रास्ता चुना। एक नेता ने जाते हुए कहा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि वे 55 साल के साथ को छोड़कर पार्टी बदल लेंगे, लेकिन देश के लिए मोदी जी का विजन बहुत बड़ा है। पचपन साल की निष्ठा रातोंरात इस तरह बदल जाती है, यह भारतीय लोकतंत्र के लिए कोई गौरव की बात नहीं है। इन सबके बीच एक सवाल जरूर उठता है कि क्या इन नेताओं में से कोई एक भी वैचारिक आधार पर पार्टी बदलता है? जवाब ज्यादातर नकारात्मक ही है। टिकट न मिलना, पद से हटाया जाना, या सत्ता की धूप से दूर हो जाना, यही तीन कारण होते हैं, जो नेताओं को रातोंरात क्रांतिकारी बना देते हैं। ज्योतिरादित्य सिंधिया को मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पद नहीं मिला, तो उन्होंने पार्टी ही बदल दी। जितिन प्रसाद को उत्तर प्रदेश में तवज्जो नहीं मिली, तो उन्होंने भाजपा में शरण ली। यह बात और है कि भाजपा ने भी इन्हें उचित महत्व देने में कोई कमी नहीं रखी। तृणमूल के संदर्भ में यह और भी विडंबनापूर्ण है। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि ममता बनर्जी की पहचान हमेशा से एक फाइटर नेता की रही है। 1998 में कांग्रेस से अलग होकर उन्होंने अकेले दम पर तृणमूल कांग्रेस बनाई और 2011 में 34 साल पुराने वामपंथ को सत्ता से उखाड़ फेंका। लेकिन आज उनकी खुद की बनाई पार्टी में वही हो रहा है, जो उन्होंने कांग्रेस में महसूस करके पार्टी छोड़ी थी। यह राजनीतिक न्याय का एक कड़वा चक्र है।

भारतीय राजनीति में दल-बदल को रोकने के लिए दसवीं अनुसूची यानी एंटी-डिफेक्शन लॉ बना, लेकिन नेताओं ने उसकी भी काट निकाल ली। दो-तिहाई का फॉर्मूला हो या व्यक्तिगत इस्तीफे का रास्ता, जहां कानून की दीवार खड़ी होती है, सियासतदान वहां सुरंग खोद लेते हैं। तृणमूल के बागियों ने भी यही किया। व्यक्तिगत इस्तीफे देकर या अलग गुट बनाकर वे उस कानूनी जाल से बाहर निकलने की कोशिश में हैं, जो उन्हें अयोग्य घोषित कर सकता है। असल सवाल यह नहीं है कि ममता के साथी उन्हें क्यों छोड़ रहे हैं या कांग्रेस के दिग्गज भाजपा में क्यों जा रहे हैं। असल सवाल यह है कि भारतीय मतदाता कब तक इस तरह के नेताओं को माफ करता रहेगा? जो नेता आज एक पार्टी की विचारधारा को गाली देकर दूसरी पार्टी में जाता है, वह अगले चुनाव में फिर टिकट मांगता है और अक्सर मिल भी जाता है। यह लोकतंत्र की सबसे बड़ी विडंबना है। पश्चिम बंगाल की ताजा सियासत एक आईना है, जिसमें पूरे भारत की राजनीति का चेहरा दिखता है। सत्ता जब तक रहती है, वफादारी की कसमें खाई जाती हैं। सत्ता जाते ही वफादारी के ये धागे खुद-ब-खुद टूट जाते हैं। ममता बनर्जी ने जो बोया था, वह काटने का वक्त आ गया। लेकिन इस फसल से सीख सिर्फ ममता के लिए नहीं, हर उस दल के लिए है, जो अपने नेताओं को विचारधारा की बजाय सत्ता के लालच पर टिकाए रखता है। राजनीतिक दलों को यह समझना होगा कि संगठन की जड़ें सत्ता की जमीन में नहीं, जनता के विश्वास में होती हैं। जिस दिन यह जड़ें मजबूत होंगी, उस दिन मौकापरस्तों के लिए कोई जगह नहीं बचेगी।

## एक नजर

### बीजापुर पहुंचे मंत्री केदार कश्यप, विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**बीजापुर, 15 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ शासन के मंत्री श्री केदार कश्यप सोमवार को बीजापुर जिले के दौरे पर पहुंचे। अपने प्रवास के दौरान वे विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रमों में शामिल होंगे तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार मंत्री श्री कश्यप जिला अस्पताल परिसर, बीजापुर में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे अन्य निर्धारित कार्यक्रमों में भाग लेंगे तथा जिले में संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति का जायजा लेंगे। मंत्री के आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। कार्यक्रम स्थलों पर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं के लिए अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मंत्री के दौरे को देखते हुए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल है। जिलेवासियों को उम्मीद है कि मंत्री के इस दौरे से क्षेत्र के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी तथा विभिन्न जनसमस्याओं के समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण पहल होगी।



### अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस' का आयोजन 26 जून को

**कांकेर,15 जून। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नशापान की बढ़ती प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण एवं नशामुक्त समाज के निर्माण के उद्देश्य से 26 जून को 'अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस' के अवसर पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस' के सफल आयोजन हेतु जिले के विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। जारी निर्देशानुसार नशापान करने की प्रवृत्ति पर प्रभावी नियंत्रण एवं समाज में नशामुक्ति के पक्ष में सकारात्मक वातावरण निर्मित किए जाने हेतु रेडियो एवं दूरदर्शन के माध्यम से नशामुक्ति कार्यक्रमों का प्रसारण करने कहा गया है। कलेक्टर श्री क्षीरसागर ने नशा पीड़ितों से प्रत्यक्ष संवाद विकसित कर उन्हें नशापान के दुष्परिणामों की जानकारी देने तथा समारोह स्थल पर प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं नशामुक्ति साहित्यों का वितरण करने के लिए निर्देशित किया है। इसी प्रकार सोशल मीडिया पर प्रेरक स्लोगन एवं चित्रों का प्रचार-प्रसार करने के साथ ही विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में नशापान के दुष्परिणामों पर आधारित विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। नशामुक्ति संबंधी गतिविधियों की जानकारी एवं फोटोग्राफ्स एनएमबीए मोबाइल एप एवं पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर ने सभी विभागों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा आम नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की है, ताकि समाज को नशामुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी पहल की जा सके।

### नारायणपुर की 39 उचित मूल्य के दुकानों में तीन महीने के राशन का हुआ भंडारण

**नारायणपुर, 15 जून।** जिले के अंदरूनी इलाकों में बारिश के मौसम में सड़क संपर्क टूटने और परिवहन प्रभावित होने की आशंका को देखते हुए जिला प्रशासन ने पहुंचविहीन क्षेत्रों की 39 शासकीय उचित मूल्य दुकानों में जुलाई से सितंबर तक के लिए तीन महीने के राशन का भंडारण कर दिया है। बारिश के दौरान भी राशन कार्डधारियों को समय पर राशन मिल सके और वितरण व्यवस्था प्रभावित न हो। जिला प्रशासन के अनुसार जिन गांवों तक बरसात में पहुंचना मुश्किल हो जाता है, वहां की राशन दुकानों में स्टॉक पूरा कर लिया गया है। इससे हितग्राहियों को मानसून के दौरान राशन उपलब्ध कराने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। कलेक्टर नम्रता जैन ने खाद्यान्न भंडारण और वितरण व्यवस्था की निगरानी के लिए जिला अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में नये भारत,समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है : किरण सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 15 जून।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा है कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकास के, विश्वास के और जनकल्याणकारी यात्रा के उपलब्धियों से परिपूर्ण बेमिसाल 12 साल पूर्ण हुये हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने जनादेश के साथ निर्वाचित होकर लगातार 12 वर्षों से प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करते हुए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने उनको बधाई व शुभकामनायें देते हुए कहा कि 12 वर्षों का यह कार्यकाल स्वर्णिम और ऐतिहासिक काल रहा है। जिसके हम सभी साक्षी बन रहे हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी खुद को प्रधानमंत्री नहीं, प्रधान सेवक कहते हैं। 140 करोड़ भारतवासियों को अपना परिवार मानते हैं। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मूलमंत्र के साथ दिन और रात समस्त देशवासियों की सतत सेवा कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आज रविवार को प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के बेमिसाल 12 वर्ष पूर्ण होने के मौके पर भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित मीडिया संवाद को सम्बोधित करते हुये उपरोक्त बातें कही। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में नये भारत, समृद्ध और सशक्त भारत का निर्माण हो रहा है। ऐसा भारत जो किसी को छेड़ता नहीं है और छेड़ने वाले को छोड़ता भी नहीं है। दुश्मनों को घर में घुसकर मारता है। ऐसे नये भारत का निर्माण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हुआ है। 12 वर्षों में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश के विकास के लिए अद्भुत कार्य किये हैं। गरीब कल्याण की बात करें तो सरकार ने जन-धन योजना के तहत 58 करोड़ से ज्यादा बैंक खाते खोले गये, जिनमें 32 करोड़ से ज्यादा खाते सिर्फ महिलाओं के हैं। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के कठिन समय से लेकर अभी तक 81 करोड़ से ज्यादा देशवासियों को मुफ्त राशन दिया जा रहा है। इलाज के खर्च से गरीबों को राहत के लिए आयुष्मान भारत योजना में 60 करोड़ से ज्यादा हेल्थ कार्ड बने हैं, जिससे मुफ्त इलाज की गारंटी मिली है। इसके अलावा, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से भी 58 करोड़ से ज्यादा लोगों को एक मजबूत सुरक्षा कवच मिला है। श्री देव ने कहा कि गरीबों के जीवन को आसान बनाने के लिए पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ से ज्यादा परिवारों को पक्के मकान दिए गए हैं। उज्ज्वला योजना के जरिए 11 करोड़ महिलाओं को मुफ्त गैस कनेक्शन देकर धुएं से आजादी दी गई है। गाँवों के विकास के लिए जल जीवन मिशन के तहत 16 करोड़ से ज्यादा घरों तक नल से साफ पानी पहुँचाया जा चुका है, वहीं स्वच्छ भारत मिशन के तहत 12 करोड़ से ज्यादा शौचालय बनाकर देश में स्वच्छता की एक नई क्रांति लाई गई है। रेहड़ी-पटरी वाले भाई-बहनों के लिए पीएम स्वनिधि योजना से 74 लाख से ज्यादा लोगों को बिना किसी परेशानी के लोन मिला है। मुद्रा योजना के तहत छोटे काम-धंधों के लिए बिना गारंटी 57 करोड़ से ज्यादा लोन बाँटे गए हैं, वहीं छोटे कारीगरों को बढ़ावा देने के लिए पीएम विश्वकर्मा योजना से 30 लाख लोगों को फायदा पहुँचाया

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा कि जनजातीय समाज के कल्याण के लिए 15 हजार करोड़ रुपये का बजट और 'धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान' के लिए 79 हजार करोड़ रुपये आबंटित किये गये हैं। देश के अन्नदाताओं की बात करें तो पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 11 करोड़ से ज्यादा किसानों को 4.3 लाख करोड़ रुपये सीधे उनके खातों में भेजे जा चुके हैं। किसान क्रेडिट कार्ड योजना के जरिए 7 करोड़ से ज्यादा किसानों को करीब 10 लाख करोड़ रुपए का सस्ता कर्ज दिया गया। इस कर्ज की सीमा को भी 3 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये कर दिया गया है ताकि छोटे किसानों को भी आसानी से मदद मिल सके। देश के मध्यम वर्ग को बड़ी राहत देते हुए टैक्स छूट की सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर सीधे 12.75 लाख रुपये कर दिया गया है। माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए लखपति दीदी योजना से 3 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को फायदा मिला है। बेटियों के सुरक्षित भविष्य के लिए सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 4.5 करोड़ से ज्यादा खाते खोले जा चुके हैं। देश की सुरक्षा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए सुरक्षाबलों में महिला अफसरों की संख्या 3 हजार से बढ़ाकर सीधे 11 हजार कर दी गई है।

# बिना अनुमोदन डीएससी लगाकर वेंडर को भुगतान संगमपल्ली में 15वें वित्त आयोग की राशि में गड़बड़ी का आरोप

- जिला पंचायत सीईओ के नाक के नीचे किया गया भ्रष्टाचार
- सोलर स्ट्रीट लाइट के नाम पर निकले 10 लाख की राशि पर उठे सवाल






**भोपालपटनम/बीजापुर 15 जून।** भोपालपटनम ब्लॉक के ग्राम पंचायत संगमपल्ली में 15वें वित्त आयोग की राशि के आहरण को लेकर गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापना के नाम पर लगभग 10 लाख रुपये की राशि का भुगतान कर दिया गया, जबकि संबंधित कार्य धरातल पर दिखाई नहीं दे रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक जिला पंचायत सीईओ के अनुमोदन के बिना ही डिजिटल सिग्नेचर (डीएससी) का उपयोग कर वेंडर को भुगतान कर दिया गया। इससे पंचायत और जिला पंचायत की वित्तीय निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत के दस्तावेजों में कार्य को पूर्ण/प्रगति दर्शाकर राशि आहरित कर ली गई। ऐसे में शासकीय राशि के दुरुपयोग और गबन की आशंका जताई जा रही है।

#### निकाली गई राशि का विवरण

सोलर स्ट्रीट लाइट कार्य हेतु जय सती मां वेंडर को दिनांक 03.05.2026 को 36000, 36000, 200000, 44900, 68866, 184080 रुपए।

दिनांक 04.05.2026 को 108000, 222654 रुपए। दिनांक 23.05.2026 को 60000 रुपए कुल 960500 की राशि निकाली गई है।

#### पंचायत क्षेत्र में नहीं मिला कोई कार्य

ग्रामीणों की शिकायत पर दिनांक 14.06.2026 को तरुण छत्तीसगढ़ की टीम ने पंचायत का दौरा कर स्थल निरीक्षण किया गया और ग्रामीणों से बातचीत किया। ग्रामीणों ने कहा कि सोलर स्ट्रीट लाइट का कार्य पंचायत के किसी भी क्षेत्र में नहीं हुआ है। बिना काम किए राशि आहरण पर कार्रवाई होनी चाहिए। ग्राम सभा में चर्चा किए बिना मनमाने तरीके से कागजों में सांठगांठ कर पंचायत की राशि में सेंध लगा रहे हैं।

#### वार्ड पांचों ने की निष्पक्ष जांच की मांग

वार्ड पंचों ने जिला प्रशासन, कलेक्टर एवं जिला पंचायत से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि बिना सक्षम स्वीकृति और सत्यापन के भुगतान किया गया है तो इसकी जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि यदि समय रहते जांच नहीं हुई तो अन्य पंचायतों में भी इस प्रकार की अनियमितता को बढ़ावा मिल सकता है।

#### उठ रहे हैं कई सवाल

सीईओ जिला पंचायत की स्वीकृति के बिना भुगतान कैसे हुआ?

डीएससी का उपयोग किसके द्वारा और किस आधार पर किया गया?

कार्य पूर्ण हुए बिना राशि जारी करने की जिम्मेदारी किसकी है?

#### शासकीय राशि के भुगतान से पहले भौतिक सत्यापन किया गया था या नहीं?

मामले के सामने आने के बाद पंचायत और जिला प्रशासनिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। फिलहाल ग्राम पंचायत संगमपल्ली का यह मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीण दोषियों पर कार्रवाई का इंतजार कर रहे है। ग्राम पंचायत सचिव आनंद राव पारेट से बात करने की कोशिश की गई किंतु उनका स्पष्ट जवाब नहीं मिला है। सरपंच ग्राम पंचायत संगमपल्ली ने बताया कि जल्द ही कार्य प्रारंभ करवाया जाएगा।

## 16 जून से ही खुलेंगे स्कूल, एक जुलाई से शुरू होने की सूचना है फर्जी और भ्रामक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,15 जून।** छत्तीसगढ़ में 16 जून से ही स्कूल खुलेंगे, एक जुलाई से शुरू होने की सूचना फर्जी और भ्रामक है। संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ की ओर से जारी आदेश के अनुसार, राज्य की समस्त शासकीय एवं अशासकीय शालाओं में शैक्षणिक सत्र 2026-27 का विधिवत संचालन 16 जून 2026 यानी मंगलवार से शुरू किया जाएगा। इस संबंध में सोशल मीडिया पर वायरल की जा रही सूचना कि शैक्षणिक सत्र एक जुलाई 2026 से प्रारंभ होगा जो कि पूरी तरह से असत्य, भ्रामक, तथ्यों से परे और फर्जी है। लोक शिक्षण संचालनालय ने स्पष्ट किया है कि विद्यालयों के संचालन की अधिकृत तिथि 16 जून 2026 ही है। ऐसे में विद्यार्थियों, अभिभावकों और आम नागरिकों से अपील की जाती है, कि वे केवल विभाग की ओर से जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही विश्वास करें। सोशल मीडिया पर प्रसारित अपुष्ट एवं भ्रामक जानकारी पर ध्यान न दें। आदेश में सभी संभागीय संयुक्त संचालकों और जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश दिया गया है, कि वे 16 जून से शाला प्रवेश उत्सव मनाने के लिए तैयार रहें। विदित हो कि 20 अप्रैल से 15 जून तक ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित किया गया था। अब अवकाश खत्म होने के बाद प्रदेश के स्कूलों का संचालन 16 जून से नियमित रूप से होगा। छत्तीसगढ़ में नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत के साथ ही राज्य सरकार विद्यार्थियों के लिए स्वच्छ, सुंदर और गुणवत्तापूर्ण माहौल तैयार करने जा रही है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप, प्रदेशभर में 16 जून 2026 से शाला प्रवेश उत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने मंत्रालय महानदी भवन (नवा रायपुर) से विस्तृत दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

## टैंकर व ट्रक की आमने-सामने की भिड़त में दोनों वाहन के ड्राइवर घायल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 15 जून।** जिले के बस्तर थाना क्षेत्र अंर्तगत नेशनल हाईवे 30 में कोसा सेंटर के सामनेआज रविवार सुबह 5 बजे तेज रफ्तार टैंकर व ट्रक की आमने-सामने की भिड़त हो गई। हादसे में टैंकर व ट्रक दोनों के ड्राइवर घायल हो गये। इस घटना से लंबा जाम लग गया। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की मदद से बस्तर थाना पुलिस ने घायल दोनो ड्राइवरों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बस्तर में उपचार के लिए भर्ती करवाया गया। हादसे के बाद सड़क पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया था। पुलिस और ग्रामीणों की मदद से क्षतिग्रस्त ट्रकों को हटाकर सड़क मांर्ग को बहाल किया गया। बस्तर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज सुबह एक ट्रक जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहा था, जबकि टैंकर रायपुर की ओर से जगदलपुर की ओर आ रहा था। बस्तर के कोसा सेंटर के पास जैसे ही दोनों गाड़िया आई, अचानक से दोनों वाहन चालकों के नियंत्रण बिगड़ गया और आमने-सामने भिड़त हो गई। इस घटना में ट्रक चालक फंस गया। आस-पास के लोगों ने पुलिस को सुचना दिया। जिसके बाद पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद दोनों घायलों को बेहतर उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्र भेजा वही सड़क के बीचो-बीच खड़ी ट्रक व टैंकर को बड़ी मशक्कत के बाद हाइवे से हटाया गया। इस दौरान करीब 1 घंटे तक मार्ग जाम रहा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# पुलिस ने 312 मॉडिफाइड साइलेंसर व 40 प्रेशर हॉर्न को रोड रोलर से कुचलकर किया नष्ट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 15 जून।** बस्तर पुलिस ने ध्वनि प्रदूषण फैलाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 312 मॉडिफाइड (कानफोड़ू) साइलेंसर और 40 प्रेशर हॉर्न को आज शनिवार को रोड रोलर से कुचलकर नष्ट कर दिया। जब्त किए गए इन उपकरणों की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई गई है। बस्तर पुलिस ने चेतावनी दी है कि आगे भी मॉडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न लगाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।पुलिस अधीक्षक ने वाहन मालिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने वाहनों में केवल कंपनी द्वारा निर्धारित साइलेंसर और हॉर्न का ही उपयोग करें तथा यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित और शांतिपूर्ण यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। बस्तर पुलिस ने बताया कि पिछले दो वर्षों से जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों और यातायात शाखा द्वारा मॉडिफाइड साइलेंसर एवं प्रेशर हॉर्न लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ मोटर यान अधिनियम के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही थी। इन वाहनों से निकलने वाली तेज आवाज से आम लोगों को परेशानी होने के साथ स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। शनिवार को कोतवाली परिसर में पुलिस अधीक्षक बस्तर शलभ कुमार सिन्हा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग की मौजूदगी में जब्त किए गए साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न को रोड रोलर चलाकर नष्ट किया गया। इस दौरान नगर पुलिस अधीक्षक सुमित धोत्रे, डीएसपी यातायात संतोष जैन, यातायात प्रभारी मधुसूदन नाग, बोधघाट थाना प्रभारी टामेश चौहान सहित पुलिस अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### सरपंचों की बैठक में केंद्र-राज्य की योजनाओं पर हुई चर्चा, सांसद को सौंपा ज्ञापन

**बीजापुर, १५ जून।** जिला मुख्यालय में सरपंचों की आयोजित बैठक में आज रविवार को बस्तर सांसद महेश कश्यप ने केंद्र और राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से देते हुए उन्होंने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है, इसलिए सभी जनप्रतिनिधियों की जिम्मेदारी है कि वे इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें। सांसद कश्यप ने विशेष रूप से बिरसा मुंडा योजना के बारे में जानकारी देते हुए इसके तहत मिलने वाले लाभ, पात्रता और प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। उन्होंने कहा कि इस योजना के माध्यम से आदिवासी समुदाय के आर्थिक और सामाजिक विकास को नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। बैठक के दौरान सरपंच संघ ने भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाते हुए प्रत्येक पंचायत में तीन प्रमुख कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग को लेकर सांसद को ज्ञापन सौंपा।

## भानुप्रतापपुर के माईस प्रभावित 8 पंचायतों की हुई बैठक, कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन



**कांकेर 15 जून।** जिले के भानुप्रतापपुर विकास खंड के गोदावरी माईस कच्चे से प्रभावित 8 ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों, ग्राम प्रमुखों एवं विभिन्न श्रमिक संगठनों की बैठक ग्राम पंचायत भवन कच्चे में आज रविवार को आयोजित की गई। बैठक में खदान के खिलाफ किए जा रहे कथित दुष्प्रचार पर नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग करने का निर्णय लिया गया। बैठक में उपस्थित सरपंचों और ग्रामीण प्रतिनिधियों ने कहा कि कुछ लोग स्वार्थवश समाचार माध्यमों में माईस के खिलाफ अनर्गल आरोप लगा रहे हैं, जिससे क्षेत्र के श्रमिकों और उनके परिवारों की आजीविका प्रभावित हो सकती है। उन्होंने कहा कि गोदावरी खदान से बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा है, इसलिए गलत जानकारी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। बैठक में दुष्प्रचार पर नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन से कार्रवाई की मांग का कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया गया है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि एक सप्ताह के भीतर उनकी मांगों पर उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो माईस प्रभावित पंचायतों द्वारा चक्काजाम आंदोलन किया जाएगा, जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। बैठक में सरपंच कांति हिड़को (कच्चे), सीताबाई गावड़े (पर्रेकोड़ो), संतोष पद्दा (साल्हे), हिरेसिंह दर्रो (भीरावही), नमिता नेताम (ईरागांव), धनसिंह ध्रुव (झिटकाटोला), पंकज हिड़को (मरकाटोला), लोमन तोपेन्द (पुसावड़), मजदूर संघ अध्यक्ष संतोष भूआर्य, ऑपरेटर-ड्राइवर संघ अध्यक्ष मनीष कावड़े, क्रेशर संघ प्रतिनिधि हरीश महतो सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बस्तर आम महोत्सव में किसानों ने दो हजार आम की प्रजातियों का किया प्रर्दशन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 15 जून।** बस्तर अंचल की समृद्ध जैव-विविधता और पारंपरिक कृषि संपदा को वैश्विक मंच देने के लिए जगदलपुर स्थित क्रांतिकारी डेबरीधुर उद्यानिकी महाविद्यालय परिसर में दो दिवसीय भव्य 'बस्तर आम महोत्सव 2026' का शुभारंभ हुआ। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय (दुर्ग) और उद्यानिकी संचालनालय (रायपुर) के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस महोत्सव की सबसे बड़ी विशेषता बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के अन्य क्षेत्रों से जुटे 1500 से अधिक किसानों की उपस्थिति रही, जो अपने साथ 2000 से अधिक विविध आम की प्रजातियों का विशाल संसार लेकर पहुंचे थे। इस भव्य प्रदर्शनी में किसानों की सक्रियता का अंदाज़ा इसी बात से लगाया जा सकता है कि राज्य के कोने-कोने से आए किसान अपने साथ पारंपरिक, उन्नत और हाइब्रिड आमों की ढेरों किस्में लेकर आए थे, जिससे पूरा परिसर आम की खुशबू और अनूठी रंगत से सराबोर हो उठा। इस महोत्सव में प्रदर्शित की गई आम की इन विविध प्रजातियों में विलुप्त हो रही पारंपरिक किस्मों के संरक्षण को प्रमुखता से रेखांकित किया गया, जिसने वैज्ञानिकों और आम प्रेमियों को अचंभित कर दिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बस्तर सांसद महेश कश्यप ने किसानों द्वारा लाई गई इन हज़ारों प्रजातियों की 'जीरो-केमिकल' शुद्धता को इसकी सबसे बड़ी ताकत बताते हुए इसे एक बड़ा वैश्विक प्रीमियम ब्रांड बनाने का विज़न साझा किया। उन्होंने आगामी 2031 तक बस्तर को देश का सबसे उन्नत जनजातीय संभाग बनाने का संकल्प दोहराते हुए 'धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान' (पीएम जनमन योजना) के तहत कृषि व उद्यानिकी विकास की योजनाओं की जानकारी दी। क्षेत्रीय विधायक किरण देव ने प्रदर्शनी में सजे आमों के इस महासंसार और उद्यानिकी के छात्रों द्वारा आम से तैयार किए गए '56 भोग' की जमकर सराहना की और इस अद्भुत आयोजन को भविष्य में शहर के मुख्य केंद्र में आयोजित करने का अमूल्य सुझाव दिया। इसके साथ ही जगदलपुर महापौर संजय पाण्डे ने पर्यावरण संतुलन के लिए वृक्षारोपण को एक जनांदोलन बनाने का आह्वान करते हुए आम के धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व को सामने रखा। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. रवि आर. सक्सेना ने तकनीकी और वैश्विक परिदृश्य को सामने रखते हुए वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के हवाले से वर्ष 2050 तक 1000 करोड़ की आबादी के लिए खाद्य सुरक्षा, जमीन की घटती उपजाऊ क्षमता और भोजन की बर्बादी जैसे वैश्विक खतरों पर गहरी चिंता जताई। उन्होंने एल नीनो के प्रभाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ के किसानों से अपनी कम से कम 25त्न भूमि पर अनिवार्य रूप से जैविक खेती अपनाने की पुरजोर अपील की और बताया कि रासायनिक खादों से निकलने वाली मीथेन गैस पर्यावरण के लिए कितनी घातक साबित हो रही है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि रासायनिक तरीकों से पकाए गए आमों को नेपाल द्वारा रिजेक्ट किया जा चुका है, ऐसे में बस्तर के प्राकृतिक रूप से पके आमों और छत्तीसगढ़ के किसानों के इन उत्पादों की मांग वैश्विक स्तर पर बहुत अधिक है। उन्होंने किसानों की आय बढ़ाने के लिए आम से आइसक्रीम, जैम, जेली जैसे उत्पाद तैयार कर 'वैल्यू एडिशन' (मूल्य संवर्धन) करने पर विशेष जोर दिया। इस दो दिवसीय महोत्सव ने न केवल आम की विभिन्न किस्मों की प्रदर्शनी बल्कि रंगोली, पोस्टर मेकिंग और फैंसी ड्रेस जैसी रचनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से किसानों, वैज्ञानिकों और युवाओं को एक अनूठा और प्रेरणादायी मंच प्रदान किया।

## एक नजर

### अवैध महुआ शराब बिक्री करने के आरोप में महिला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार 15 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आमजनों की शिकायत एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करने हेतु जिले में महत्वाकांक्षी योजना समाधान सेल प्रारंभ किया गया है, जिसकी सहायता से किसी भी प्रकार की सूचना, शिकायत अथवा आपराधिक गतिविधि की जानकारी समाधान सेल हेल्पलाइन नंबर 94792 20392 में व्हाट्सएप अथवा कॉल के जरिए प्रदान की जा सकती है। समाधान सेल के माध्यम से आपराधिक कार्यों में संलिप्त व्यक्तियों की धरपकड़ में भी लगातार कामयाबी मिल रही है। इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी.शर्मा के कुशल निर्देशन में आज दिनांक 14.06.2026 को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सिटी कोतवाली की पुलिस टीम द्वारा ग्राम डमरू में घेराबंदी कर अवैध महुआ शराब बिक्री करने वाले 01 आरोपिया को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचिया से ?1500 कीमत मूल्य का 07.500 लीटर अवैध हांथ भट्ठी कच्ची महुआ जप्त किया गया है। आरोपिया के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर आरोपिया को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### पलारी में पुलिस ने विजिबल पुलिसिंग अभियान चलाया




**बलौदाबाजार 15 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए आज दिनांक 14.06.2026 को रात्रि थाना पलारी पुलिस द्वारा विशेष 'विजिबल पुलिसिंग' अभियान चलाया गया। पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी.शर्मा के दिशा-निर्देशन में आज रात्रि 08:00 बजे से पलारी नगर के विभिन्न चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले, संवेदनशील इलाकों में पैदल पेट्रोलिंग (फ्लैग मार्च) की गई। ?इस पैदल पेट्रोलिंग का नेतृत्व स्वयं थाना प्रभारी (निरीक्षक) परिवेश तिवारी ने किया। उनके साथ भारी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल रहे। मुख्य बाजार और संवेदनशील इलाकों का जायजा लिया गया। पुलिस बल ने नगर के मुख्य मार्गों, हृदय स्थल, बस स्टैंड, व्यावसायिक क्षेत्रों और अंदरूनी मोहल्लों में पैदल भ्रमण किया। इस दौरान पुलिस टीम ने, संदिग्ध रूप से घूमने वाले तत्वों से पूछताछ कर उन्हें कड़ी चेतावनी दी। ?देर रात तक बिना वजह सड़कों पर मजमा लगाने वालों को हटाया। यातायात व्यवस्था को बाधित करने वाले वाहनों और दुकानदारों को समझाइश दी। थाना प्रभारी की अपील: 'सुरक्षा में सहयोग करें'। पेट्रोलिंग के दौरान थाना प्रभारी पलारी ने स्थानीय व्यापारियों और आम नागरिकों से सीधा संवाद भी किया। उन्होंने कहा कि:- विजिबल पुलिसिंग का मुख्य उद्देश्य अपराधियों में खौफपैदा करना और आम जनता के भीतर सुरक्षा का भाव जगाना है। यदि नगर में कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि या व्यक्ति नजर आए, तो तत्काल पलारी पुलिस को इसकी सूचना दें।?रात्रि के समय भारी पुलिस बल के साथ थाना प्रभारी को स्वयं सड़कों पर मुस्तैद देखकर नगरवासियों और व्यापारियों द्वारा पुलिस बल की प्रशंसा किया गया।

### बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान को मिली सफलता

**रायपुर, 15 जून।** बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान महिला एवं बाल विकास विभाग और यूनिसेफ द्वारा चलाया जा रहा एक राज्यव्यापी जन-जागरूकता कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य बाल विवाह को रोकना, बाल अधिकारों की रक्षा करना और राज्य को पूर्ण रूप से बाल विवाह मुक्त बनाना है। कलेक्टर श्री अमित कुमार के निर्देशन में सुकमा जिले में संचालित बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान के तहत जिला प्रशासन ने दो नाबालिग बालिकाओं का बाल विवाह रुकवाकर उनके सुरक्षित और बेहतर भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है।

# सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत माता तालाब मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नगरी1 5 जून।** वन विभाग नगरी सर्कल द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 15 स्थित माता तालाब मंदिर परिसर में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान मंदिर परिसर, आसपास के मार्गों तथा तालाब क्षेत्र में फैली गंदगी को हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में वार्ड के पार्षद की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने अभियान में शामिल अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छ और सुंदर वातावरण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। धार्मिक स्थलों एवं सार्वजनिक परिसरों की नियमित साफ-सफाई से न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलता है, बल्कि लोगों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है।

वन विभाग के अनुविभागीय अधिकारी संजय राउतिया ने बताया कि सेवा पखवाड़ा अभियान के माध्यम से विभिन्न सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं जनजागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में माता तालाब मंदिर परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाने का प्रयास किया गया।

अभियान के दौरान उपस्थित कर्मचारियों एवं नागरिकों ने परिसर में कचरा एकत्र कर उसका उचित निपटान किया तथा लोगों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और जनभागीदारी के महत्व पर भी चर्चा की गई। स्थानीय लोगों ने वन विभाग की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे अभियान नियमित रूप से आयोजित होने चाहिए, जिससे नगर के धार्मिक एवं सार्वजनिक स्थल स्वच्छ और आकर्षक बने रहें। सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत आगे भी विभिन्न स्थानों पर जनहित एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



# बस्तर देश का सबसे सुंदर और विकसित आदिवासी संभाग बनेगा : मुख्यमंत्री साय

**रायपुर, 15 जून।** नक्सलवाद का दंश झेलते-झेलते बस्तर चार दशकों तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहा, लेकिन अब नक्सलवाद की समाप्ति के साथ केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से बस्तर को देश का सबसे सुंदर और विकसित आदिवासी संभाग बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर में आयोजित 'तेरा राज नहीं आएगा रे' पुस्तक के विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. शशांक शर्मा, पांचजन्य के संपादक श्री हितेश शंकर सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि नक्सलवाद के कारण बस्तर विकास की दौड़ में काफी पीछे रह गया था। अब परिस्थितियां बदल रही हैं और एक नए, विकसित तथा समृद्ध बस्तर के निर्माण का अवसर प्राप्त हुआ है। राज्य सरकार लगातार ऐसे प्रयास कर रही है, जिनसे आमजन को मूलभूत सुविधाओं सहित सभी आवश्यक सेवाएं सहज रूप से उपलब्ध हो सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दो दिन पूर्व ही यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण किए हैं। उनके नेतृत्व में देश ने अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनमें नक्सलवाद की समाप्ति की दिशा में मिली सफलता भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद देश की आंतरिक सुरक्षा के समक्ष सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक था।




प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के मार्गदर्शन में इस चुनौती का प्रभावी ढंग से सामना किया गया।

उन्होंने कहा कि मजबूत नेतृत्व समाज में विश्वास और उत्साह का संचार करता है। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में देश में माओवाद के विरुद्ध सामूहिक संकल्प विकसित हुआ। सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ा, आम जनता खुलकर माओवाद के विरोध में सामने आई और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद की। इस संघर्ष में लेखकों, पत्रकारों और बुद्धिजीवियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका रही है। मुख्यमंत्री ने उल्लेख किया कि हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह बस्तर आए थे, जहां उन्होंने पत्रकारों से मुलाकात कर उनके योगदान की सराहना की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि श्री राजीव रंजन प्रसाद और सुश्री रचना नायडू ने यह पुस्तक ऐसे समय में लिखी है, जब माओवाद की समाप्ति हो चुकी है। इस दृष्टि से यह पुस्तक और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। समय के साथ स्मृतियां धुंधली हो जाती हैं और घाव भरने लगते हैं। ऐसे में आवश्यक है कि माओवाद के कठिन दौर और उससे मुक्ति के संघर्ष को दस्तावेज़ी रूप में सुरक्षित रखा जाए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उससे सीख सकें।

उन्होंने कहा कि जब भावी पीढ़ियां इस विषय पर लिखी पुस्तकों को पढ़ेंगी, तब उन्हें यह समझने का अवसर मिलेगा कि माओवाद से मुक्ति के लिए समाज और सुरक्षा बलों ने कितना कठिन संघर्ष किया तथा कितने जवानों ने अपने प्राणों का बलिदान दिया। यह पुस्तक उन्हें यह भी बताएगी कि हिंसा किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकती और लोगों का विश्वास केवल संविधान एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर ही जीता जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने पुस्तक की सराहना करते हुए कहा कि लेखकों ने अत्यंत गंभीर और व्यापक शोध किया है। उन्होंने बस्तर समाज के विभिन्न वर्गों, आत्मसमर्पित नक्सलियों तथा नक्सलवाद को निकट से देखने और झेलने वाले लोगों से संवाद कर महत्वपूर्ण तथ्यों का संकलन किया है। पुस्तक यह उजागर करती है कि किस प्रकार माओवादी नेतृत्व ने अपने कैडर का विस्तार किया और अनेक परिवारों पर संगठन में सदस्य भेजने का दबाव बनाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लेखकों ने अपने शोध में जिन पूर्व नक्सलियों से बातचीत की, उनमें लगभग 80 प्रतिशत लोग अशिक्षित या केवल पांचवीं कक्षा तक शिक्षित पाए गए। जिस आयु में उनके हाथों में कलम होनी चाहिए थी, उस आयु में उन्हें हथियार थमा दिए गए। माओवाद ने एक पूरी पीढ़ी को शिक्षा से वंचित रखा, उन्हें परिवार और समाज से दूर कर दिया। उन्होंने कहा कि श्री राजीव रंजन प्रसाद ने बस्तर पर पहले भी कई महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें माओवाद का वास्तविक चेहरा उजागर करने के साथ-साथ बस्तर की समृद्ध जनजातीय संस्कृति का भी प्रभावी चित्रण किया गया है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि अब बस्तर के नवनिर्माण का समय है। राज्य सरकार 'बस्तर रोडमैप 2.0' के माध्यम से योजनाबद्ध तरीके से कार्य कर रही है। नियद नेल्ला नार योजना और बस्तर मुन्ने अभियान के जरिए शासकीय योजनाओं का लाभ सैचुरेशन मोड में लोगों तक पहुंचाया जा रहा है। जहां पहले सुरक्षा कैंप स्थापित थे, वहां अब सेवा डेरे विकसित किए जा रहे हैं, जो शासकीय सेवाओं, कौशल विकास और उद्यमिता के केंद्र बनेंगे।

# नशामुक्त समाज के लिए चौकी गिरौदपुरी पुलिस और महिला कमाण्डो की संयुक्त पहल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 15 जून।** पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी.शर्मा के दिशा-निर्देशन में आज दिनांक 14.06.2026 को सायं काल, पुलिस चौकी गिरौदपुरी द्वारा सामाजिक बुराइयों और नशे के खिलाफएक महत्वपूर्ण जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। इसके तहत पुलिस चौकी गिरौदपुरी की टीम द्वारा ग्राम दर्रा में स्थानीय महिला कमाण्डो के साथ मिलकर एक भव्य 'नशामुक्ति रैली' का आयोजन किया गया। ?÷नशा भगाओ, जीवन बचाओ÷ के नारों से गूंजायमान, महिला कमाण्डो और पुलिस बल के जवानों द्वारा पूरे उत्साह के साथ गांव की गलियों का भ्रमण किया गया। इस दौरान गगनभेदी नारों के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। रैली के समापन पर गिरौदपुरी पुलिस स्टाफद्वारा उपस्थित ग्रामीणों और युवाओं को संबोधित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने समझाया कि नशा न केवल स्वास्थ्य को बर्बाद करता है, बल्कि हंसते-खेलते परिवारों के उजाड़ने और अपराधों के बढ़ने का भी मुख्य कारण है। इस अवसर पर सभी ग्रामीणों को जीवन में कभी नशा न करने और अपने आसपास के लोगों को भी इसके प्रति सचेत करने की समझाईश दी गई।? इस पूरे आयोजन में ग्राम दर्रा की महिला कमाण्डो की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही। चौकी प्रभारी गिरौदपुरी के मार्गदर्शन में महिलाओं ने जिस एकजुटता के साथ इस सामाजिक अभियान का नेतृत्व किया, वह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस और जनता के इस बढ़ते तालमेल की स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रबुद्ध नागरिकों ने खुले दिल से प्रशंसा की है। ?अभियान के दौरान पुलिस चौकी गिरौदपुरी का स्टाफ, ग्राम दर्रा की महिला कमाण्डो की टीम उपस्थित रहे।



### कयाकिंग-कैनोइंग को आगे बढ़ाने हरसंभव सहयोग देगी सरकार: अरुण साव

**रायपुर. 15 जून।** उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव आज नवा रायपुर के सेंध जलाशय में आयोजित 36वें नेशनल कैनो स्प्रिंट चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कार प्रदान किए। विगत 12 जून से प्रारंभ इस चैंपियनशिप में देश के 24 राज्यों के 810 खिलाड़ियों तथा करीब 400 अधिकारियों, खेल संघों के पदाधिकारियों और सपोर्टिंग स्टॉफ ने भागीदारी की। चैंपियनशिप में मध्यप्रदेश ओवरऑल चैंपियन बना। केरलम और ओड़िशा क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार मंत्री गुरू खुशवंत साहेब भी समापन समारोह में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने समापन समारोह में खिलाड़ियों और विभिन्न राज्यों से आए कयाकिंग-कैनोइंग संघों के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी इस खेल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। देशभर में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में राज्य के लिए पदक जीत कर ला रहे हैं।

# आध्यात्मिक मूल्यों से ही संभव है स्वस्थ और संस्कारित समाज का निर्माण : सीएम साय

**रायपुर, 15 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ विकासखंड के ग्राम पोड़ी (राछा) स्थित सत्य निजनाम बोध संस्थान में आयोजित सत्य निजनाम सत्संग सम्मेलन में शामिल हुए। इस अवसर पर संस्थान के सदस्यों ने पुष्पवर्षा एवं गजमाला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने परमपूज्य सद्गुरु सत्य कबड्डीदास जी एवं पूजनीया गुरुमाता सत्य लीला देवी जी से भेंट कर आशीर्वाद लिया तथा आश्रम परिसर में लाल चंदन का पौधा रोपा। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि सत्य निजनाम बोध संस्थान आध्यात्म और नशामुक्ति के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। आध्यात्मिक मूल्यों से ही स्वस्थ और संस्कारित समाज का निर्माण संभव है। उन्होंने कहा कि युवाओं को नशे की गिरफ्त से बचाने के लिए नशामुक्ति को जनआंदोलन का स्वरूप देने की आवश्यकता है। राज्य सरकार नशीले पदार्थों के अवैध कारोबार पर कड़ी कार्रवाई कर रही है तथा जनजागरूकता के माध्यम से समाज को नशामुक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि सरकार बनने के बाद पहली ही कैबिनेट बैठक में 18 लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए गए। किसानों से 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है तथा महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं को निरंतर आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में शांति और विकास का नया वातावरण बना है। अब इन क्षेत्रों में सड़क, दूरसंचार, राशन वितरण तथा जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ तेजी से पहुंच रहा है। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन 1076, अटल डिजिटल सेवा केंद्र और अन्य नागरिक सेवाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत भ्रष्टाचार और अपराध के विरुद्ध सख्त कार्रवाई कर रही है। इस अवसर पर केंद्रीय राज्य मंत्री श्री तोखन साहू, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी तथा बड़ी संख्या में सत्य निजनाम बोध संस्थान के अनुयायी उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल चोरी करने के आरोप में युवक को किया गया गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 15 जून।** पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में अपराधियों तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए महज कुछ ही दिनों के भीतर चोरी गई मोटरसाइकिल को बरामद कर, शातिर आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

मामले का संक्षिप्त विवरणः प्रार्थी सागर वर्मा उम्र 25 वर्ष, निवासी ग्राम मिरगी, थाना भाटापारा ग्रामीण ने थाना उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 10.06.2026 की शाम को वह अपने रिश्तेदार की मोटरसाइकि लेकर बलौदाबाजार जा रहा था। रास्ते में ग्राम कुकुरदी जाने वाले मार्ग पर लघुशंका के लिए रुकने के दौरान एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली गई थी। प्रार्थी की शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली में त्वरित कार्रवाई करते हुए अपराध क्रमांक 479/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया था।

पुलिस की कार्रवाई व गिरफ्तारीः- मामले में पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी.शर्मा द्वारा आरोपी की अविलंब गिरफ्तारी हेतु कड़े निर्देश दिए गए थे। कोतवाली पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। दिनांक 14.06.2026 को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई कि संदेही शंकर यादव को बलौदाबाजार के खोरसीनाला व मुक्तिधाम के पास एक काले रंग की बिना नंबर प्लेट वाली मोटरसाइकिल के साथ देखा गया है। ?सूचना मिलते ही पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबंदी कर संदेही शंकर यादव को हिरासत में लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने उक्त मोटरसाइकिल को कुकुरदी मोड़ के पास से चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से चोरी की गई बिना नंबर प्लेट वाली काले रंग की एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल (इंजन व चेसिस नंबर मिलान उपरांत प्रार्थी की वाहन होना पुष्ट) को विधिवत जब्त कर लिया गया है। ?आरोपी के विरुद्ध अपराध का पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आज दिनांक 14.06.2026 को विधिवत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को माननीय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय बलौदाबाजार के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

### रक्तदान सबसे बड़ा दान, इससे बड़ी कोई सेवा नहीं: राज्यपाल

**रायपुर, 15 जून।** मनुष्य का सबसे बड़ा धर्म है दूसरे के जीवन की रक्षा करना और यह अपने ही रक्त के एक बूंद से हो सके तो इससे बड़ा कोई पुण्य नहीं है। रक्त का दान सबसे बड़ा दान होता है। राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज प्रदेश के स्वैच्छिक रक्तदाताओं का सम्मान करते हुए उक्त बातें कहीं। विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी छत्तीसगढ़ राज्य शाखा द्वारा स्वैच्छिक रक्तदाताओं को सम्मानित करने के लिए लोकभवन में समारोह आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ रेडक्रॉस के अध्यक्ष राज्यपाल श्री डेका ने सर्वाधिक रक्तदान करने वाले प्रदेश के 30 स्वैच्छिक रक्तदाताओं सहित विभिन्न संगठनों और संस्थाओं के सदस्यों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर लोकभवन में रेडक्रॉस द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें लोकभवन के अधिकारियों-कर्मचारियों सहित अन्य लोगों ने उत्सव पूर्वक रक्तदान किया। कार्यक्रम को संबोधित करने हुए राज्यपाल ने कहा कि रक्त का कोई कृत्रिम विकल्प नहीं है और यह केवल स्वस्थ व्यक्ति के स्वैच्छिक दान से ही उपलब्ध हो सकता है। राज्यपाल ने कहा कि थैलेसीमिया, सिकल सेल, एनीमिया, हिमोफिलिया, कैंसर तथा दुर्घटना जैसी आपात स्थिति में रक्त की आवश्यकता जीवन और मृत्यु के बीच का अंतर तय करती है।

### उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 2500 किलोलीटर क्षमता के पानी टंकी निर्माण का किया भूमिपूजन

**रायपुर. 15 जून।** उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव ने आज रायपुर के खम्हारडीह में बहुप्रतीक्षित 2500 किलोलीटर क्षमता के पानी टंकी के निर्माण का भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना से करीब 20 करोड़ 93 लाख रुपए की लागत से बनने वाली इस पानी टंकी से शहर के 2500 घरों को पानी मिलेगा। इसके लिए चार वार्डों, वार्ड क्रमाकं-9, 10, 30 और 31 में 25 किमी डिस्ट्रीब्यूशन पाइपलाइन और 2 किमी राइजिंग मेन पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इसके निर्माण से इन चारों वार्डों में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था सुदृढ़ होगी। विधायकगण श्री सुनील सोनी और श्री पुरंदर मिश्रा तथा महापौर श्रीमती मीनल चौबे भी भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुईं। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नागरिकों को पेयजल उपलब्ध कराना सरकार का प्राथमिक दायित्व है।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202606092200011**

विषयः-ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्:- 2025-2026

**खलारी प.ह.न. 00031 [(हे.)]**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- ईश्वर कंवर,**
**अनावेदक पक्षकार-**

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक ईश्वर कंवर आ. बैसाखू कंवर जाति कंवर निवासी खलारी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के पुत्री धनेश्वरी कंवर पिता ईश्वर कंवर का जन्म दिनांक 29/03/2012 को स्थान खलारी में हुआ है, के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 19/06/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/06/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़

## एक नजर

### राजधानी के सरोना शराब दुकान में 7 लाख रुपये की चोरी

**रायपुर, 15 जून।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के सरोना स्थित कंपोजिट विदेशी शराब दुकान से बदमाश करीब 7 लाख रुपए से भरा लॉकर ही उखाड़कर ले गए। वारदात को अंजाम देने के बाद चोर सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी अपने साथ ले गए, जिससे पुलिस को कोई सुराग न मिल सके। घटना आमानाका थाना क्षेत्र की है। रविवार सुबह दुकान संचालकों को चोरी की जानकारी मिली, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, चोर दुकान में घुसे और वहां रखा कैश से भरा लॉकर उखाड़कर ले गए। बताया जा रहा है कि लॉकर में करीब 7 लाख रुपए कैश रखे थे। वारदात को सुनियोजित तरीके से अंजाम दिया गया है। चोरों ने पहचान छिपाने के लिए दुकान में लगे सीसीटीवी सिस्टम का डीवीआर भी निकाल लिया। इससे पुलिस को फुटेज के जरिए आरोपियों तक पहुंचने में चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि आसपास के अन्य प्रतिष्ठानों और सड़कों पर लगे कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही एडिशनल डीसीपी वेस्ट, एसीपी पुरानी बस्ती, आमानाका थाना पुलिस, डॉग स्क्वायड और अन्य जांच एजेंसियों की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाने शुरू कर दिए हैं।

### शॉपर्स स्टॉप ने अपनी सालाना एंड ऑफ सीजन सेल की घोषणा की

**रायपुर, 15 जून।** देश के प्रमुख प्रीमियम फैशन, ब्यूटी और लाइफस्टाइल रिटेल ब्रांड शॉपर्स स्टॉप ने अपनी बहुप्रतीक्षित एंड ऑफसीजन सेल (ईओएसएस) शुरू कर दी है। यह सेल देशभर में उसके सभी स्टोर्स पर लाइव है। प्रीमियम शॉपिंग अनुभव के लिए पहचान रखने वाला शॉपर्स स्टॉप ग्राहकों को इस सेल के जरिए नए सीजन के ट्रेंडी कलेक्शन के साथ-साथ सदाबहार पसंदीदा उत्पादों को एक ही जगह खरीदने का अवसर दे रहा है।
इस सेल में महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के परिधानों के अलावा फुटवियर, एक्सेसरीज, हैंडबैग, ब्यूटी प्रोडक्ट्स और ट्रैवल से जुड़ी जरूरी वस्तुओं सहित 500 से अधिक प्रीमियम ब्रांड्स पर आकर्षक ऑफर्स उपलब्ध हैं। रोजमर्रा के पहनावे और ऑफिस वियर से लेकर त्योहारों के खास परिधानों और स्टाइलिश फैशन विकल्पों तक, हर उम्र, पसंद और बजट के ग्राहकों के लिए यहां कई विकल्प मौजूद हैं।
इस सेल के बारे में शॉपर्स स्टॉप के कस्टमर केयर एसोसिएट एवं चीफमार्केटिंग ऑफिसर जितेन महेंद्र ने कहा, आज के ग्राहक सिर्फअच्छी खरीदारी ही नहीं, बल्कि बेहतर शॉपिंग अनुभव भी चाहते हैं।

### बीएसयूपी कॉलोनी में अभियान चलाकर की 300 से अधिक मकानों की जांच

**रायपुर, 15 जून।** राजधानी रायपुर में कानून-व्यवस्था को मजबूत करने और असामाजिक तत्वों पर शिकंजा कसने के लिए रायपुर कमिश्नरेट पुलिस ने बीएसयूपी कॉलोनी में व्यापक आकस्मिक चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान लगभग 100 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने 300 से अधिक मकानों की सघन जांच कर संदिग्ध व्यक्तियों, किरायेदारों और निगरानी बदमाशों का सत्यापन किया। पुलिस उपायुक्त (वेस्ट जोन) संदीप पटेल के निर्देश पर थाना सरस्वती नगर, आमानाका और न्यू राजेंद्र नगर क्षेत्र के अंतर्गत स्थित बीएसयूपी कॉलोनी में यह विशेष अभियान संचालित किया गया।
अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (वेस्ट जोन), सहायक पुलिस आयुक्तों और संबंधित थाना प्रभारियों ने किया। सुबह 8 बजे शुरू हुए अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने कॉलोनी के विभिन्न ब्लॉकों, मकानों और सार्वजनिक स्थलों की गहन जांच की। क्षेत्र में निवासरत गुण्डा-बदमाशों, निगरानी बदमाशों, आदतन अपराधियों तथा अन्य संदिग्ध व्यक्तियों की गतिविधियों की पड़ताल की गई। साथ ही बाहर से आकर किराये या अस्थायी रूप से रह रहे लोगों के पहचान दस्तावेजों का भी सत्यापन किया गया।

# छत्तीसगढ़ में मानसून की दस्तक, अगले 48 घंटे में बस्तर से एंट्री

**रायपुर, 15 जून।** छत्तीसगढ़ में दक्षिण-पश्चिम मानसून की एंट्री अब बेहद करीब पहुंच चुकी है। मौसम विभाग के अनुसार अनुकूल मौसमीय परिस्थितियों के चलते अगले 48 घंटों के भीतर मानसून बस्तर संभाग के रास्ते प्रदेश में प्रवेश कर सकता है। लंबे इंतजार के बाद मानसून की आहट से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। मौसम विभाग ने रायपुर, बस्तर और सरगुजा संभाग के कई जिलों के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। विभाग के मुताबिक आने वाले दिनों में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में गरज-चमक के साथ बारिश, तेज हवाएं और वज्रपात की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं।

**तापमान में उतार-चढ़ाव, कई जिलों में गर्मी बरकरार:** पिछले कुछ दिनों से मानसून की गति धीमी होने के कारण प्रदेश में गर्मी का असर फिर बढ़ गया है। बीते 24 घंटों के दौरान कई जिलों में तापमान 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ा है। हालांकि बादलों की आवाजाही और कहीं-कहीं हल्की बारिश की वजह से कुछ इलाकों में राहत भी महसूस की गई। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार राजनांदगांव प्रदेश का सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं बालोद में तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकॉर्ड किया गया। दूसरी ओर पेंड्रारोड में न्यूनतम तापमान 22.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो प्रदेश में सबसे कम रहा।

राजधानी रायपुर में बादलों की आवाजाही बनी रहने के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार शहर का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है। प्रदेशभर में किसानों, आम नागरिकों और जल स्रोतों के लिए मानसून का आगमन बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मौसम विभाग लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी है।

## रायपुर समेत कई जिलों में बारिश और तेज हवा का येलो अलर्ट



### सक्रिय मौसम प्रणाली का असर

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार मध्य पाकिस्तान से राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तरी छत्तीसगढ़, झारखंड और पश्चिम बंगाल होते हुए बांग्लादेश तक एक द्रोणिका (ट्रफलाइन) सक्रिय है। इसी सिस्टम के प्रभाव से प्रदेश में मौसम लगातार बदल रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसमीय प्रणाली के कारण कई क्षेत्रों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं और कुछ स्थानों पर वज्रपात की घटनाएं भी हो सकती हैं।

### पिछले तीन दिनों से छत्तीसगढ़ की सीमा पर अटका मानसून

छत्तीसगढ़ की दहलीज पर पिछले तीन दिनों से मानसून अटका हुआ है. मौसम विभाग ने मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थिति अनुकूल बता रहा है. 15 जून तक बस्तर से प्रवेश करने के आसार हैं. प्रदेश में प्री-मानसून एक्टिविटी कम होते नजर आ रही है, जिससे तापमान चढ़ने लगा है. पिछले 24 घंटों में प्रदेश में अधिकतम तापमान में 2-4ए डिग्री सेल्सियस की वृद्धि दर्ज की गई. इस दौरान उत्तरी और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ जगहों पर बारिश, बादल गरजने और तेज हवा चली। पिछले 24 घंटे की बात करें तो प्रदेश में अधिकतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई. उत्तरी और मध्य छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों में मेघगर्जन की गतिविधि के साथ वज्रपात, तेज हवा और वर्षा दर्ज की गई। अगले 2-3 दिनों में दक्षिण-पश्चिम मानसून के मध्य अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक के बाकी हिस्सों, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी, ओडिशा, झारखंड और बिहार के कुछ और हिस्सों और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ने के लिए परिस्थिति अनुकूल है।

# रेरा का बुलडोजर! 595 बिल्डर रडार पर

**रायपुर, 15 जून।** छत्तीसगढ़ रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी (रेरा) ने प्रदेशभर के बिल्डरों पर बड़ा एक्शन शुरू कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट की सख्ती के बाद रेरा ने 595 प्रमोटर्स के 989 प्रोजेक्ट्स को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर जवाब मांगा है। आरोप है कि प्रोजेक्ट पूरा होने और पूर्णता प्रमाण पत्र मिलने के बाद भी कई बिल्डरों ने सोसायटी का गठन नहीं किया और न ही कॉमन एरिया व सुविधाओं का हस्तांतरण फ्लैट खरीदारों की एसोसिएशन को किया। रेरा की समीक्षा में सामने आया है कि कई बड़ी रेसिडेंशियल सोसायटियों में रहने वाले लोग आज भी सुरक्षा, पेयजल और अन्य मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं। ब्रोशर में दिखाई गई लग्जरी लाइफस्टाइल और सुविधाएं सिर्फ वादों तक सीमित रह गईं। शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से सोसायटी रहवासियों में नाराजगी है।

रेरा के अनुसार प्रदेशभर में ऐसे 989 प्रोजेक्ट चिन्हित किए गए हैं जिनका कंप्लीशन सर्टिफिकेट जारी हो चुका है, लेकिन अब तक सोसायटी या एसोसिएशन को हैंडओवर नहीं किया गया। सबसे गंभीर मामला कॉमन एरिया, सुविधाओं और दस्तावेजों के हस्तांतरण का सामने आया है।

ईडब्ल्यूएस भूमि के उपयोग को लेकर भी सवाल खड़े हुए हैं। आरोप है कि कई प्रोजेक्ट्स में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (EWS) के लिए आरक्षित जमीन का उपयोग अन्य गतिविधियों के लिए किया जा रहा है। कहीं क्लब हाउस बनाए गए तो कहीं किराये पर देकर आय अर्जित की जा रही है, जबकि इसका लाभ सोसायटी को मिलना चाहिए।

### इन बिल्डर्स को जारी किया गया नोटिस

रेरा द्वारा रायपुर जिले के जिन प्रमुख प्रोजेक्ट्स और बिल्डर्स को नोटिस जारी किया गया है उनमें अविनाश डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड के अविनाश पर्ल, अविनाश प्राइड, अविनाश सन सिटी, अविनाश टाइम्स स्क्वायर, लाइफस्टाइल एम्प्रेसा, मैग्नेटो सिग्नेचर होम्स, मैग्नेटो द मॉल और मारुति लाइफस्टाइल जैसे प्रोजेक्ट शामिल हैं।
इसके अलावा अरोरा इन्फ्रावेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड का क्लाउड-9, अरुण सिंघानिया का मैग्नेटो सिग्नेचर होम्स-3, अरविंद बंसल का ओम राज एन्क्लेव, आर्या बिल्डर्स का निलया कस्बा, आर्याज़ वीआईपी क्यूब, आर्यन प्रमोटर्स एंड बिल्डर्स का समृद्धि आल्टस, अवीवा प्राइड, गुलजार होम्स, बिमल एवेन्यू, अरिहंत हाइट्स फेज-2, साकेत कुंज, बजाज स्काई हाइट्स, वेदांता सिटी, गैलेक्सी न्यू टाउन, श्रीजी-3 बालाजी ग्रीन्स और भारद्वाज स्काई सहित कई प्रोजेक्ट रेरा के रडार पर हैं।
रेरा की कार्रवाई के बाद अब प्रदेश के हजारों फ्लैट खरीदारों की नजर इस बात पर टिकी है कि क्या वर्षों से लंबित हैंडओवर, मेंटेनेंस और मूलभूत सुविधाओं से जुड़े मामलों का समाधान होगा या फिर यह कार्रवाई भी सिर्फनोटिस तक सीमित रह जाएगी।

हैकर्स का नया जाल

# वक्फ बोर्ड अध्यक्ष का मोबाइल किया हैक लोगों से इमरजेंसी बताकर मांगे पैसे

**रायपुर, 15 जून।** राज्य वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. सलीम राज का रविवार को अज्ञात जालसाजों ने मोबाइल हैक कर लिया। हैकरों ने डॉ. सलीम राज के मोबाइल के संपर्क सूची में शामिल लोगों को मैसेज भेजकर एक्सीडेंट तथा अन्य बहाने कर पैसों की मांग की।



मोबाइल हैक होने की जानकारी मिलने के बाद डॉ. सलीम राज ने इसकी लिखित शिकायत साइबर सेल में की। वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष का रात 9 बजे मोबाइल ठीक हो पाया। पुलिस घटना की जांच कर आरोपियों की पतासाजी कर गिरफ्तार करने की बात कह रही है। यह अब तक स्पष्ट नहीं हो पाया है हैकरों ने जिन लोगों से वक्फबोर्ड के अध्यक्ष के नाम से पैसों की मांग की थी, उनमें से कितने लोग झांसे में आकर रकम ट्रांसफर किये हैं।

# रामकृष्ण हॉस्पिटल में हो सकेगा पत्रकारों का रियायती दर पर इलाज

## रायपुर प्रेस क्लब के प्रस्ताव पर रामकृष्ण प्रबंधन ने दी सहमति



**रायपुर, 15 जून।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज के तत्वावधान में रायपुर प्रेस क्लब के सम्मानित सदस्यों, पत्रकार साथियों एवं उनके परिजनों के लिए आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आभार एवं समापन समारोह आज रविवार को रायपुर प्रेस क्लब, मोती बाग में गरिमामयी माहौल में संपन्न हुआ। रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल, रायपुर द्वारा आयोजित इस शिविर के समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप दवे उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता सतीश थोरानी ने की। इस दौरान रायपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारी और पत्रकार मौजूद थे।

शिविर की अवधि 30 जून तक बढ़ी, कूपन धारकों को राहत समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. संदीप दवे ने पत्रकारों की सामाजिक सहभागिता और उनके कठिन कार्य परिवेश की सराहना की। उन्होंने एक बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि पत्रकारों और उनके परिवारों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए इस निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर की अवधि को अब 30 जून 2026 तक के लिए बढ़ाया जा रहा है। पूर्व में पत्रकारों को जारी किए गए कूपन के माध्यम से वे इस विस्तारित अवधि तक अपनी निशुल्क जाँचें करवा सकेंगे। कार्यक्रम के अध्यक्ष सतीश थोरानी और रायपुर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों ने इस मानवीय पहल के लिए रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल प्रबंधन और डॉ. संदीप दवे का आभार व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि इस शिविर से सैकड़ों पत्रकार परिवारों को सीधे तौर पर लाभ मिला है और भविष्य में मिलने वाली छूट से उन्हें स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ी राहत मिलेगी।

### पत्रकारों के लिए हमेशा रहेगी छूट

डॉ. संदीप दवे ने पत्रकार जगत को एक और बड़ी सौगात देते हुए घोषणा की कि शिविर समाप्त होने के बाद भी रामकृष्णा केयर हॉस्पिटल में पत्रकारों और उनके परिजनों के लिए विशेष रियायतें जारी रहेंगी।

# हसदेव में पेड़ काटने का कांग्रेस पुरजोर विरोध करेगी : बैज

**रायपुर, 15 जून।** भाजपा सरकार पर छत्तीसगढ़ को अडानीगढ़ बनाने पर तुली हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि सरकार के अडानी



परस्त नीतियों से हसदेव अरण्य के घने जंगलों पर संकट उत्पन्न हो गया है। मोदी के मित्र अडानी के मुनाफे के लिए सरगुजा रेंज के केते एक्सटेंशन के खुदाई का गौतम अडानी को देने के लिए इस सरकार ने अनुमति दी है। अब रामगढ़ की पहाड़ियां, प्राचीन नाट्यशाला, सीता गुफा, जानकी रसोई, प्रभु राम के वन गमन पथ की पुण्य स्मृतियों को अडानी के आर्थिक लाभ के लिए संकट में डाला जा रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने केते एक्सटेंशन ओपन कास्ट कोल माइनिंग और पिट हेड कोल वॉशरी परियोजना के लिए 1742.60 हेक्टेयर वन भूमि को गैर-वन उपयोग में बदलने की सिफारिश कर दी है। राज्य सरकार की स्वीकृति के बाद यह प्रस्ताव अब केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के पास भेजा गया है। केंद्र से हरी झंडी मिलते ही 7 लाख से अधिक पेड़ों की कटाई का रास्ता साफहो जाएगा। यह वही इलाका है जिसे सेंट्रल इंडिया का लंग्स ज़ोन कहा जाता है।कांग्रेस हसदेव मे जंगल कटाई का विरोध करती हैं। शीघ्र ही कांग्रेस वन कटाई के विरोध मे बड़ा आंदोलन करेगी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि हसदेव अरण्य का यह क्षेत्र पांचवी अनुसूची का भाग है, जहां नए खदान स्थापित करने का लगातार विरोध स्थानीय आदिवासियों के द्वारा किया जा रहा है।

# शराब की ओवर रेटिंग सरकार के संरक्षण में चल रहा : शुक्ला

**रायपुर, 15 जून।** आबकारी मंत्री लखन लाल देवांगन का बयान की महतारी वंदन सहित सभी योजनाए शराब की कमाई से चल रहा हैं।



आबकारी मंत्री का बयान बेहद आपत्ति जनक और चिंता का विषय हैं। भाजपा सरकार अपनी योजनाओं को चलाने प्रदेश को शराबी बनाने मे तुली हुई है.। प्रदेश की महिलाओ बहनो को ऐसा एक हजार रु महतारी बंदन का नहीं चाहिए जिसे देने के लिए सरकार उनके परिवार को शराबी बना दे। भाजपा सरकार शराब बेच कर योजना चला रही यह सरकार की विफलता है। सरकार एक नंबर और दो नंबर दोनों तरीके से शराब बेच रही नकली होलो ग्राम लगा कर ओवर रेटिंग कर शराब बेची जा रही है। प्रदेश में शराब धड़ल्ले से ओवर रेट में बेची जा रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि इस पूरे खेल को सत्ता का संरक्षण मिला हुआ है। शराब की ओवर रेंटिग सरकार में बैठे हुये लोग करा रहे है। हर ब्रांड की शराब में 60 से 80 रू. तक प्रति बोतल वसूला जा रहा था। शराब के काऊंटर में बैठे लोग दावा कर रहे है कि शराब का पैसा ऊपर तक जा रहा था। यह मामला मीडिया मे आया और जनता ने विरोध किया तब जाकर कुछ अधिकारियों को सस्पेंड करने की कार्यवाही की गयी। अधिकारी तो सरकार के निर्देश पर काम कर रहे थे उन्हे बलि का बकरा क्यो बनाया गया?

# कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर लोकभवन पहुंचा

- विकास उपाध्याय ने की जाँच कमेटी गठन कर उच्च स्तरीय जाँच की मांग

**रायपुर, 15 जून।** पूर्व संसदीय सचिव एवं छाया सांसद विकास उपाध्याय ने बताया कि पिछले कई महीनों से छत्तीसगढ़ राज्य के सरकारी अस्पतालों में गरीब मरीजों को मिल रही दवाओं के निम्न स्तर को लेकर समाज में हो रही चर्चा एक गंभीर और चिंतनीय विषय बन चुका है।



छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन नियमित अंतराल में सर्कुलर जारी कर अपनी ही सप्लाई की हुई दवाओं को ड्रग टेस्टिंग लैबोरेट्री से प्राप्त रिपोर्ट के आधार पर अमानक और निम्न स्तरीय बताकर वापस मंगाने और इन दवाओं को मरीजों को न बांटने का आदेश जारी करता रहा है। इससे साफ जाहिर होता है कि दवाई कंपनियों से मोटी रकम वसूल कर इस प्रकार छत्तीसगढ़ की जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया गया है। इसी प्रकार मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पतालों सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टर और नर्सिंग फार्मेसी स्टाफ मरीज को दवा बांटते और इंजेक्शन लगाते समय विपरीत लक्षणों को देखकर दवाओं के अमानक और निम्न स्तरीय होने की आशंका व्यक्त करते रहे हैं। लेकिन उच्च स्तर पर बैठे अधिकारियों द्वारा उनकी आवाज को दबाया जा रहा है और लोगों की जान को जोखिम में डाला जा रहा है। सूचना प्राप्त हुई है कि इस बारे में कई बार छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन को लिखित सूचना भी दी गई है। ऐसा भी देखने में आया है मरीजों को दी जाने वाली दवाईयां आवश्यक स्टोरेज में नहीं रखी जातीं जिससे दवाई की क्वालिटी और अधिक ख़राब हो जाती है।

उपाध्याय ने बताया कि अस्पतालों में महीनों से नहीं हैं, फोलिक एसिड की गोली जो सिकलिंग के मरीज़ और गर्भवती महिलाओं को दी जाती है महीनों से सप्लाई में नहीं है, सिकलिंग की जांच करने वाली किट तक अस्पतालों में नहीं है, एनलाप्रिल (बीपी की गोली) जून-जुलाई की शोर्ट एक्सपायरी वाली हैं, रेड क्रॉस संस्था में दवाइयां मेडिकल स्टोर के रेट में मिल रही जबकि वहां मूल्य कम हुआ करता था इसलिए रेड क्रॉस में मूल्य रिवाइज की आवश्यकता है।

आह्वान | 16 से 27 जून तक चलेगा अभियान, प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री ने लिखा पत्र

# शाला प्रवेशोत्सव को जनआंदोलन बनाने आगे आएं जनप्रतिनिधि : साय

- कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे अभियान की सफलता के लिए जनसहभागिता का किया आह्वान

**रायपुर 15 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी जनप्रतिनिधियों को पत्र लिखकर 16 जून से 27 जून 2026 तक आयोजित होने वाले ÷शाला प्रवेश उत्सव÷ में सक्रिय सहभागिता का आह्वान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि शिक्षा किसी भी समाज और राष्ट्र की प्रगति का सबसे सशक्त आधार है तथा यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है कि प्रदेश का कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री साय ने अपने पत्र में प्रदेश के समस्त विद्यार्थियों, अभिभावकों, शिक्षकों एवं शिक्षा से जुड़े सभी लोगों को नवीन शैक्षणिक सत्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि नए शैक्षणिक सत्र के साथ प्रदेशभर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बालक-बालिका का विद्यालय में प्रवेश तथा नियमित अध्ययन सुनिश्चित करना है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंत्रीगण, सांसदगण, विधायकगण, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष, महापौर तथा नगरीय निकायों के



जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे अपने क्षेत्र के किसी विद्यालय में सुविधानुसार उपस्थित होकर अभियान में सहभागी बनें तथा ऐसे बच्चों की पहचान और नामांकन के लिए प्रेरित करें, जो अभी तक विद्यालय से नहीं जुड़े हैं अथवा बीच में पढ़ाई छोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों की सहभागिता इस अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप प्रदान करेगी।

मुख्यमंत्री साय ने पत्र में उल्लेख किया है कि राज्य सरकार विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम विद्यालयों के माध्यम से उत्कृष्ट शिक्षण वातावरण विकसित किया जा रहा है तथा वर्ष 2026 से 150 विवेकानंद विद्यालयों की स्थापना कर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के नए मानक स्थापित किए जा रहे हैं। नई शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप शासकीय विद्यालयों को आधुनिक, तकनीक-संपन्न और छात्र-केंद्रित संस्थानों के रूप में विकसित किया जा रहा है। विद्यार्थियों को मध्यान्ह भोजन, निःशुल्क पाठ्यपुस्तकें, गणवेश तथा बालिकाओं के लिए सरस्वती साइकिल जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, ताकि कोई भी बच्चा आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि जनप्रतिनिधियों के सक्रिय सहयोग और व्यापक जनभागीदारी से शाला प्रवेश उत्सव को सफल बनाते हुए प्रदेश के प्रत्येक बच्चे तक शिक्षा का अधिकार पहुंचाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सकेगा।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26